

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 218

ग्वालियर, गुरुवार, 28 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## अब लोगों को मिलेगी 'बोलने की स्वतंत्रता' : एलन मस्क

### ट्विटर खरीदने के ऐलान के बाद मालिक का पहला ट्वीट

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर खरीदने के ऐलान के बाद एलन मस्क ने पहला ट्वीट किया कि अब लोगों को यहां 'बोलने की स्वतंत्रता की स्वतंत्रता मिलेगी। मस्क के इस ट्वीट के बाद यूरोपीय यूनियन ने साफ चेतावनी दी है कि ट्विटर का मालिक चाहे कोई भी हो जाए, उसे स्थानीय नियमों का पालन करना ही होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो भारी जुर्माना लगेगा, इतना ही नहीं बैन भी झेलना पड़ सकता है। वहीं भारत सरकार ने पहली प्रतिक्रिया में साफ कर दिया है कि ट्विटर को देश में सोशल मीडिया के लिए बनाए गए नियमों में कोई छूट नहीं मिलेगी और इसका उल्लंघन करना भारी पड़ सकता है। यूरोपीय यूनियन में इंटरनल मार्केट के कमिश्नर थिएरी ब्रेटन ने सीधे तौर पर आगाह किया कि चाहे कार कंपनी हो या सोशल मीडिया कंपनी, अगर उसे यूरोप में काम करना है तो उसे स्थानीय नियम-कानून मानने पड़ेंगे, चाहे उस कंपनी का मालिक कोई भी हो। मिस्टर मस्क यह अच्छी तरह समझते हैं।भारत सरकार की तरफ से कहा गया कि ट्विटर को हमारे देश में बनाए गए नियमों में कोई छूट नहीं मिलेगी। केंद्रीय आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा ने कहा कि मैं एलन मस्क को शुभकामनाएं देता हूं लेकिन भारत में काम करने वाली सभी मध्यस्थ कंपनियों को लेकर जवाबदेही, सुरक्षा और विश्वास के हमारे लक्ष्य और अपेक्षाओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है, सबको उसका पालन करना ही होगा। बता दें कि भारत में सोशल मीडिया के लिए सख्त नियम हैं। इसके तहत कथित आपत्तिजनक ट्वीट्स को ब्लॉक करना, नफरत बढ़ाने वाले, भड़काऊ बयानों, पॉर्न और अन्य ट्वीट्स को फिल्टर करना होता है। बार-बार नियम तोड़ने वालों का अकाउंट सस्पेंड तक कर दिया जाता है। पिछले साल केंद्र सरकार ने आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को आपत्तिजनक ट्वीटस पर मिले प्रोटेक्शन को हटा दिया था।ट्विटर को भारत में नोडल अधिकारी, शिकायत अधिकारी और अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति का निर्देश भी दिया था। ट्विटर के सह-संस्थापक और पूर्व सीईओ जैक डॉर्सी ने भी इस मंच पर विचारों के आदान-प्रदान को सुधारने के लिए सालों काम किया था।



## किसानों की आय में 10 गुना तक हुआ है इजाफा कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत ÷किसान भागीदारी, प्राथमिक हमारी÷ अभियान की शुरुआत करते हुए देश भर के किसानों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के तहत किसानों की आय दोगुनी ही नहीं बल्कि 10 गुना हुई है। कृषि मंत्री ने किसानों की आय में दो से दस गुना तक की वृद्धि होने का आज दावा करते हुए कहा कि ऐसे प्रगतिशील किसानों को गांव गांव में जा कर खेती कर रहे लोगों को जागरुक करना चाहिए जिससे वे भी समृद्ध बने। तोमर ने ''किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी कार्यक्रम के तहत फसल बीमा पाठशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि नवीनतम तकनीक और सरकार की कृषि सम्बन्धी योजनाओं से जुड़े किसान समृद्ध हुए हैं और उनके परिवार में तरक्की हुयी है । पिछले पांच छह साल के दौरान ऐसे किसानों की आय दो से दस गुना तक बढी है। उन्होंने कहा कि ये किसान ''कृषि राजदूत ÷ बन कर गांव गांव में जायें तो खेती की अर्थ व्यवस्था मजबूत हो जायेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि आज किसानों को उनके उत्पादों का बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अच्छी कीमत मिल रही है। गेहूं और सरसों का बेहतर मूल्य मिल रहा है तथा सरसों तेल में मिलावट को रोका गया है जिससे किसान बहुत खुश हैं। सरकार इस प्रकार के अन्य कदम भी उठायेगी जो किसानों के हित में हो।



# कोरोना की चुनौती अभी पूरी तरह टली नहीं, सभी को अलर्ट रहना होगा: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में कोरोना की स्थिति पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। कोरोना स्थिति पर समीक्षा बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 2 वर्षों में कोरोना को लेकर ये हमारी 24वीं बैठक है, कोरोना काल में जिस तरह केंद्र और राज्यों ने मिलकर काम किया है, जिन्होंने कोरोना के खिलाफ देश की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई है, मैं सभी कोरोना वॉरियर्स की प्रशंसा करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि स्पष्ट है कि कोरोना की चुनौती अभी पूरी तरह टली नहीं है, ओमिक्रोन और उसके सब वैरिएंट्स किस तरह गंभीर परिस्थिति पैदा कर सकते हैं, ये यूरोप के देशों में हम देख सकते हैं। पिछले कुछ महीने में इन वैरिएंट्स से मामले बढ़े हैं हम भारत में कई देशों की तुलना में हालात पर नियंत्रण रखा है। पिछले 2 हफ्तों से मामले जो बढ़ रहे है उससे हमें अलर्ट रहना है। 2 साल के भीतर में देश ने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर ऑक्सीजन सप्लाई तक कोरोना से जुड़े हर पक्ष में जो आवश्यक है उसे देने का काम किया है। तीसरी लहर में स्थितियां अनियंत्रित होने की खबर नहीं आई। पीएम मोदी ने कहा कि फ्रास्ट्रक्चर के अपग्रेड का काम तेजी से चलता रहे, ये सुनिश्चित करना चाहिए। बिस्तर, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन प्लांट जैसी सुविधाओं के लिए हम काफी बेहतर स्थिति में पहुंचे चुके हैं, लेकिन ये सुविधाएं कार्यान्वित रहे, हमें ये भी सुनिश्चित करना होगा। जो युद्ध की परिस्थिति पैदा हुई है, जिससे सप्लाई चैन प्रभावित हुई है, इसके बाद माहौल में दिनों-दिन चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। ये वैश्विक संकट अनेक चुनौतियां लेकर आ रहा है। आज की वैश्विक परिस्थितियों में भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए आर्थिक निर्णयों में केंद्र और राज्य सरकारों का तालमेल, सामंजस्य पहले से अधिक आवश्यक है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक और विशेषज्ञ नेशनल और ग्लोबल स्थिति को लगातार मॉनिटर कर रहे हैं। उनके सुझावों पर हमें प्रीएम्पेटिव, प्रो-एक्टिव और कलेक्टिव अपरॉच के साथ हमें काम करना होगा। संक्रमण को शुरुआत में ही रोकना हमारी प्राथमिकता पहले भी थी, आज भी यही रहना चाहिए। टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट की हमारी स्ट्रैटेजी को भी हमें उतने ही प्रभावी तौर पर लागू करना है। आज कोरोना की जो स्थिति है उसमें ये जरूरी है कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों में जो हमारे गम्भीर इन्फ्लूएंजा के केस हैं, उनका शत प्रतिशत आरटी-पीसीआर टेस्ट हो।



## खास खबर

### भ्रष्टाचार के मामले में सू की को पांच साल की सजा

**यंगून।** सैन्य शासित म्यांमार की एक अदालत ने देश की पूर्व नेता आंग सान सू की को भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया और उन्हें बुधवार को पांच साल की जेल की सजा सुनाई। पिछले साल फरवरी में सेना द्वारा तख्तापलट के बाद सत्ता से बाहर कर दी गई सू की ने इस आरोप से इनकार कर दिया था कि उन्होंने एक शीर्ष राजनीतिक सहकर्मी ने घूस के तौर पर सोना और हजारों डॉलर लिए थे। इस अपराध के तहत अधिकतम 15 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। उनके समर्थकों और स्वतंत्र विधि विशेषज्ञों ने उनकी सजा की निंदा करते हुए इसे अनुचित और 76 वर्षीय सू की को राजनीति से हटाने के मकसद से उठाया गया कदम बताया। उन्हें अन्य मामलों में पहले ही छह साल की कैद की सजा सुनायी जा चुकी है। सजा की खबर एक विधि अधिकारी के हवाले से आई, जिन्होंने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी। राजधानी नेपीता में सू ची के मुकदमे की सुनवाई बंद कमरे में हुई और उनके वकीलों को मीडिया से बात करने से रोक दिया गया था।

### चीन ने दो करोड़ से अधिक लोगों की कोरोना जांच के आदेश दिए

**बीजिंग।** चीन ने बीजिंग में दो करोड़ दस लाख लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण की जांच कराने के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले देश में सोमवार को 35 लाख लोगों की जांच के आदेश दिए गए थे, जिनमें से 32 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी, वहीं शंघाई में 52 और लोगों की संक्रमण से मौत हो गई। इन मामलों के सामने आने के बाद संक्रमण के वर्तमान प्रसार के मामले बढ़कर 190 हो गए हैं। शंघाई के समान ही राजधानी बीजिंग में भी संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। राजधानी के 11जिलों में मंगलवार को सामूहिक जांच के आदेश दिए गए हैं, और अनुमान के मुताबिक यहां के दो करोड़ दस लाख लोगों की जांच की जाएगी। सोमवार को चाओयांग जिले में 35 लाख लोगों की जांच की गई, जिनमें संक्रमण के 32 नए मामले सामने आए। बीजिंग के स्थानीय प्रशासन ने जिले के सभी लोगों की तीन बार जांच के आदेश दिए हैं। ये जांच गुरुवार और शुक्रवार को भी दोहराई जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग की रिपोर्ट के अनुसार चीनी मुख्यभूमि में संक्रमण के स्थानीय प्रसार के 1,908 मामले सामने आए जिनमें से 1,661 मामले शंघाई से सामने आए।

### पूर्व सीएम फडनवीस ने अमित शाह पर लिखी पुस्तक का विमोचन किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडनवीस ने मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर मराठी में लिखी गई एक पुस्तक का विमोचन किया जो उनकी राजनीति यात्रा को दर्शाती है। मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान फडनवीस ने पुस्तक का विमोचन करने के बाद राजनीतिक कौशल और चुनाव की गहरी समझ के लिए भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह की सराहना की। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री फडनवीस ने कहा कि अमित शाह अनि भाजपाची वत्चल शीर्षक वाली पुस्तक में शाह के राजनीतिक सफर और उनके जीवन पर प्रकाश डालने के साथ ही भाजपा को मजबूत करने और उसे दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने में उनके योगदान का भी उल्लेख किया गया है। मूल रूप से डॉ अर्निबन गांगुली और शिवानंद द्विवेदी द्वारा लिखी गई इस पुस्तक का मराठी में अनुवाद डॉ ज्योत्सना कोल्हाटकर ने किया है।

### पंजाब को रख दिया गिरवी केजरीवाल के संतरी बन गए भगवंत मान : सिद्धू

**रूपनगर।** पंजाब के रूपनगर में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में पहुंचे कांग्रेस के पूर्व पीसीसी चीफ नवजोत सिंह सिद्धू ने प्रदेश के सीएम भगवंत मान पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने मान को सीएम बनाया लेकिन वो दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के संतरी बन गए। दिल्ली की कांग्रेस नेता अलका लांबा के समर्थन में सिद्धू रूपनगर में एक धरना प्रदर्शन में शामिल हुए थे। बुधवार को पंजाब के रूपनगर में एक प्रदर्शन में शामिल हुए पूर्व पीसीसी चीफ नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब की भगवंत मान सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। उन्होंने कुमार विश्वास और कांग्रेस नेता अलका लांबा के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्रवाई की आलोचना की। कहा कि भगवंत मान को पंजाब की जनता के मुख्यमंत्री बनाया था लेकिन वह तो दिल्ली के सीएम के संतरी बन गए। सिद्धू ने भगवंत मान के दिल्ली दौरे की भी आलोचना की। कहा कि मान ने पंजाब को दिल्ली के पास गिरवी रख दिया है। इससे पहले सिद्धू ने मान को रबर का गुड्डा भी कहा था। गौरतलब है कि पंजाब पुलिस ने बीती 20 अप्रैल को कांग्रेस नेता अलका लांबा और आप के पूर्व नेता कुमार विश्वास के घर पर दबिश दी थी।

## पिछले 24 घंटे में गौतम अडानी ने कमाए 48 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** साल 2022 में गौतम अडानी के नाम एक से बढ़ कर एक रिकॉर्ड बन रहे हैं। इस साल गौतम अडानी एशिया के सबसे अमीर शख्स तो बन ही गए, साथ ही दुनियाभर के अरबपतियों में चौथे स्थान पर भी पहुंच गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनर्स इंडेक्स के मुताबिक, अब उनकी संपत्ति बिल गेट्स के बराबर हो गई है जो कि चौथे स्थान पर हैं। गौतम अडानी की कुल संपत्ति 125 बिलियन डॉलर है। बिल गेट्स की संपत्ति भी 125 बिलियन डॉलर ही है। ब्लूमबर्ग बिलियनर्स इंडेक्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में अडानी की संपत्ति 6.31 बिलियन डॉलर बढ़ी है, जो कि दुनियाभर के सभी अरबपतियों से अधिक है। यानी एक दिन में अडानी की संपत्ति में करीबन 48 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इस साल की बात करें तो दुनियाभर में सबसे अधिक कमाई करने वाले अरबपतियों की लिस्ट में नंबर वन पर गौतम अडानी पहुंच गए हैं। इस साल अब तक उनकी कमाई 48.3 बिलियन डॉलर रही है। शेयर बाजार में इस साल फरवरी में गौतम अडानी की खाद्य तेल बनाने वाली कंपनी अडानी विल्मर की लिस्टिंग हुई है। अडानी विल्मर में पैसे लगाने वाले निवेशक चार महीने के भीतर ही मालामाल हो गए। अडानी विल्मर ने लिस्टिंग डे से लेकर अब तक तीन गुना के करीब रिटर्न दिया है। अडानी विल्मर के शेयर आज शुरुआती कारोबार में 842.90 रुपये के स्तर पर पहुंच कर एक नया रिकार्ड बना दिया। अडानी विल्मर के शेयर 8 फरवरी को 221 रुपये डिस्काउंट पर लिस्ट हुए थे। मौजूदा शेयर प्राइस के हिसाब से अडानी विल्मर के शेयरों ने अब तक 281.4त्तका छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। बीएसई पर कंपनी का मार्केट कैप 1.7 लाख करोड़ रुपये हो गया है।



## ब्रिटेन और नाटो देशों पर बम बरसाएगा रूस!

### मॉस्को की खुली धमकी- कीव लौटे राजनयिक तो खैर नहीं

**मॉस्को।** यूक्रेन को मिल रही पश्चिमी मदद रूस के लिए घातक साबित हो रही है। जिस युद्ध को पुतिन कुछ ही दिनों में खत्म करना चाहते थे वह 64 दिनों से लगातार चल रहा है। रूस ने चेतावनी दी है कि वह यूक्रेन की मदद करने के लिए ब्रिटेन में सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। साथ ही उकसावे वाले बयान के बाद वह यूक्रेन लौटने वाले ब्रिटिश राजनयिकों को भी टारगेट कर सकता है। ब्रिटेन ने घोषणा की है कि वह कीव में अपने दूतावास को दोबारा खोलेगा। एक खबर के अनुसार रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़ाखारोवा ने कहा कि यूक्रेन को हथियार देने वाले नाटो देशों पर भी हमला किया जा सकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सैन्य आपूर्ति को बाधित करने के लिए रूस उन नाटो देशों के क्षेत्र में सैन्य ठिकानों पर हमला कर सकता है जो कीव को हथियार सप्लाई कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इसकी वजह से यूक्रेन में मौतें और खून-खराबा हो रहा है। रूस की चेतावनी ऐसे समय पर आई है जब ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जेम्स हेप्पी ने कहा कि ब्रिटेन रूसी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर यूक्रेनी हवाई हमलों का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमलों में ब्रिटिश हथियारों का इस्तेमाल पूरी तरह से वैध होगा।



## दुश्मन के लिए काल साबित होगी आकाश मिसाइल

### पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ परीक्षण

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर जिले के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना और डीआरडीओ ने आकाश मिसाइल के एडवांस वर्जन का सफल परीक्षण किया है। इस मौके पर सेना के अधिकारी और डीआरडीओ को बड़े वैज्ञानिक मौजूद थे। इस मिसाइल को सेना ने अपनी हवाई सुरक्षा के लिए तैयार कराया है। ऐसा माना जा रहा है, कि यह आकाश के नए वर्जन %आकाश प्राइम का टेस्ट हो सकता है। पिछले साल सितंबर के महीने में भी मिसाइल की ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सफल परीक्षण किया गया था। तब मिसाइल ने मानवरहित हवाई टारगेट को ट्रैक करके उस हवा में ही ध्वस्त कर दिया। पोकरण में टारगेट किस तरह का था इसका खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन यह बात पुख्ता की गई है कि टारगेट पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। आकाश प्राइम मिसाइल में स्वदेशी एक्टिव आरएफ सीकर लगा है, जो दुश्मन के टारगेट को पहचानने की सटीकता को बढ़ाता है। इसके अलावा इसमें अत्यधिक ऊंचाई पर जाने के बाद तापमान नियंत्रण के यंत्र को अपग्रेड किया गया है। ग्राउंड सिस्टम को अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा राडार, ईओटीएस और टेलीमेट्री स्टेशन, मिसाइल ट्रैजेक्टरी और फ्लाइट पैरामीटर्स को सुधारा गया है। लेकिन इससे ज्यादा जानकारी अभी तक सेना, सरकार या डीआरडीओ की तरफ से दी नहीं गई है। इसके पहले पिछले साल जुलाई में आकाश-एनजी यानी आकाश न्यू जेनरेशन मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया था। आकाश-एनजी जमीन से हवा में मार करना वाली मिसाइल है। इस भारतीय वायुसेना के लिए बनाया गया है।आकाश-एनजी में डुअल पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर है, जो इसकी गति को बढ़ाता है। इसकी रेंज 40 से 80 किलोमीटर है।



## पटना हाईकोर्ट ने सुब्रत राय को दिया 11 मई को हाजिर होने का आदेश

**पटना।** देश के बड़े उद्योगपति और सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत राय को पटना हाईकोर्ट ने तलब किया है। पटना हाईकोर्ट ने सहाराश्री के नाम से विख्यात उद्योगपति सुब्रत राय सहारा को 11 मई को पटना हाईकोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। न्यायाधीश संदीप कुमार की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता प्रमोद कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए सहारा को आज तक का वक्त दिया था। कोर्ट ने पूछा था कि कंपनी यह बताए कि जनता का पैसा कब तक लौटाएगी। दरअसल सहारा कंपनी ने विभिन्न स्कीम में हजारों उपभोक्ताओं से निवेश के नाम पर पैसा जमा करवाया था और अवधि पूरी होने के बाद भी पैसे नहीं लौटाए गए थे। इस मामले को लेकर 2000 से ज्यादा लोगों ने पटना हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की थी।

## शंघाई के बाद बीजिंग पर भी मंडराने लगा लॉकडाउन का साया!

### बीजिंग में बीते 24 घंटों में 29 नए कोरोना के मामले सामने आए

**बीजिंग।** चीन के शहर शंघाई में कोरोना को काबू करने के लिए पहले ही तगड़े बंदोबस्त किए जा चुके हैं। वहां लॉकडाउन लगे दो हफ्ते से ज्यादा समय हो गया है। अब चीन की राजधानी बीजिंग पर भी लॉकडाउन का साया मंडराने लगा है। कुछ रिहाइशी इलाकों में लॉकडाउन की शुरुआत हो भी चुकी है। हालांकि अभी पूरे शहर में तालाबंदी जैसी नौबत नहीं आई है। लेकिन प्रशासन ने पूरे बीजिंग शहर के लोगों की सामूहिक टेस्टिंग कराने का ऐलान कर दिया है। करीब 2 करोड़ 10 लाख की आबादी वाले बीजिंग शहर में कोविड टेस्टिंग के लिए रातोंरात इंतजाम कर दिए गए हैं। चीन में कोरोना केसों की संख्या वैसे तो काफी कम है, लेकिन चीन सरकार कोविड को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाती है। यही वजह है कि कुछ दर्जन केस मिलने पर भी बेहद सख्ती कर दी जाती है। बीजिंग में शुक्रवार को पहली बार कोरोना केस सामने आया था। इसके बाद से यहां 70 केस मिल चुके हैं। बीजिंग के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि बीते 24 घंटों में 29 नए मामले सामने आए हैं, जिसके चलते शहर की पूरी आबादी की सामूहिक कोरोना जांच का फैसला किया गया है। चाओयांग जिले की करीब 35 लाख की आबादी की भी सामूहिक जांच होगी। चीन सरकार कोरोना प्रभावित 16 जिलों में बड़े पैमाने पर कोविड जांच कराएगी। तत्काल जांच के लिए रातोंरात जांच केंद्र तैयार कर दिए गए हैं। बीजिंग में जहां-जहां कोरोना केस मिले हैं, वहां लॉकडाउन भी लगा दिया गया है। रिहाईशी इलाके से 2-3 किमी के क्षेत्र में लॉकडाउन लगाया गया है।




## शहबाज शरीफ का चीन को आश्वासन, चीनी नागरिकों के हत्यारे को फांसी पर लटने तक चैंन से नहीं बैठूंगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की कराची यूनिवर्सिटी में हुए सुसाइड अटैक में चीन के तीन नागरिक मारे गए हैं। जबकि एक घायल हुआ है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा बीजिंग के लिए चिंता का पुराना कारण है। घटना के बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन को आश्वासन दिया है कि जब तक चीनी नागरिकों पर हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता उनकी सरकार चैन से नहीं बैठेगी। इस हमले को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने अंजाम दिया है, जो लंबे समय से चीन की परियोजनाओं का विरोध कर रही है। पीएम शरीफ इस्लामाबाद में चीनी दूतावास पहुंचे और चीनी राजदूत के प्रतिनिधि पांग चुनक्स्यू से मुलाकात की। शरीफ ने चीनी नागरिकों की मौत पर शोक जताया। अपनी यात्रा के दौरान शरीफ ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एक विशेष शोक संदेश भी भेजा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। शहबाज शरीफ ने कहा, पाकिस्तान के आयरन ब्रदर पर बर्बर हमले से पूरा देश हैरत और दुख में है। हम इस आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और पाकिस्तान की धरती से हर तरह के आतंकवाद और आतंकवादियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तेजी से घटना की जांच कर दोषियों को सजा देगी। शरीफ ने पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनुल्लाह को कराची का दौरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हम तब तक चैन से नहीं बैठने वाले हैं, जब तक कि अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा नहीं दे देते। हम चीनी नागरिकों की हत्या करने वाले दोषियों को फांसी पर लटकाने वाले हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी पाकिस्तान के कराची विश्वविद्यालय में हुए हमले की निंदा की है।



## न्यूज़ ट्रैक....

### खेल विभाग का ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण एक मई से 31 मई तक

**इन्दौर** ।खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं के लिये एक मई से 31 मई तक ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर के विभिन्न खेल संस्थानों में आयोजित होगा। इन संस्थानों में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा खेल की बारीकियों के संबंध में जानकारी दी जायेगी। कुश्ती का चंदनगुरू व्यायामशाला ब?वाली चौकी, क्रिकेट का आईटीआई मैदान नंदा नगर, खो-खो का हैप्पी वाण्डर्स सबनीस बाग, जिम्नास्टिक का जिम्नास्टिक सेंटर चिमनबाग, हैण्डबॉल का बाल विनय मंदिर, कबड्डी का भाऊशिंदे खेल परिसर नगर निगम, मलखम्ब का डीआरपी लाइन, फुटबाल का डे-बोर्डिंग सेंटर नेहरू स्टेडियम, , बास्केटबॉल का बास्केटबॉल सेंटर संयोगितागंज, टेबल टेनिस का नेहरू स्टेडियम, हॉकी का आजाद नगर और चिमनबाग, फुटबॉल का डे बोर्डिंग सेंटर महू, कुश्ती का शिव शक्ति व्यामशाला देपालपुर तथा एथेलेटिक्स का सरस्वती शिशु मंदिर देपालपुर, वॉलीबॉल का रेलवे क्लब पालिया तथा कबड्डी का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पालिया, खो-खो, कबड्डी वॉलीबॉल, कराटे और बेसबॉल का प्रशिक्षण राज इंटरनेशनल स्कूल दूधिया में दिया जाएगा।

### कत्थक डांसर लेरिशा के साथ शादी के बंधन में बंधे स्पिनर केशव

**जोहांसबर्ग** ।भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज अपनी गर्लफ्रेंड कत्थक डांसर लेरिशा मुनसाम्य के साथ शादी के बंधन में बंध गये हैं। लेरिशा के साथ केशव की पहली मुलाकात 4 साल पहले हुई थी। इस पहले ही मुलाकात में दोनों एक दूसरे के प्रति आकर्षित हुए थे। केशव ने कहा कि लेरिशा को देखने के बाद वह हैरान को गये थे। तब उन्होंने अपने पिता को तब फोन लगाया और कहा कि मैं एक ऐसी लड़की से मिला हूं जो मेरे सपनों में आती थी। केशव ने कहा कि मैं जब लेरिशा के साथ पहली बार मिला तो पहले सप्ताह हम ज्यादा मिल नहीं सके थे।

गुजरात की टीम सात में छह मैच जीत चुकी है अब तक

# सनराइजर्स से मिली हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से उतरी गुजरात

**मुंबई** । गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरते ही उसके हाथों मिली हार का हिसाब बराबर करना चाहेगी। गुजरात की टीम ने अब तक सात में से छह मैचों में जीत दर्ज कर अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है पर उसे एकमात्र हार सनराइजर्स हैदराबाद से ही मिली थी। जिसका हिसाब अब वह बराबर करना चाहेगी। वहीं दूसरी ओर शुरुआती दो मैचों में हार झेलने वाली सनराइजर्स ने इसके बाद लगातार पांच मैच जीते हैं और वह सिलसिले को बनाये रखना चाहेगी। सनराइजर्स का लक्ष्य इस मैच को जीतकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल करना रहेगा। इस मैच का रोमांचक होना तय है क्योंकि दोनो ही टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। सनराइजर्स की बल्लेबाजी कप्तान केन विलियमसन के अलावा राहुल त्रिपाठी , अभिषेक शर्मा , एडेन मार्कराम ओर निकोलस पूरन पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी में उसके पास उमरान मलिक जैसा गेंदबाज है।




इस मैच में दोनों टीमों के तेज गेंदबाजों के बीच रफ्तार की जंग भी हो सकती है। जहां गुजरात के पास लॉकी फर्ग्यूसन जैसा 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाला खिलाड़ी है , वहीं हैदराबाद के युवा भारतीय गेंदबाज उमरान भी इसी इसी गति से गेंद फेंकेंगे। इस मामले में हालांकि हैदराबाद की दावेदारी भारी नजर आ रही है क्योंकि उसने अपने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम को केवल 68 रनों पर ही समेट दिया था। उसके चारों तेज गेंदबाज अच्छे फार्म में है और सभी अलग तरह की गेंदबाजी के लिए जाने जाते है। युवा मार्को यानसेन उछाल के साथ गेंद को स्विंग करने की क्षमता है, जबकि उमरान के पास तेज गति से गेंदबाजी क्षमता है।

इसके अलावा यॉर्कर गेंदबाज टी नटराजन और अनुभवी तेज गेंदबा भुवनेश्वर कुमार भी उसके पास हैं हालांकि टीम के पास अच्छे स्पिनर नहीं हैं। वाशिंगटन सुंदर के फिट नहीं होने के कारण जगदीश सुचित को शामिल किया गया है। वहीं स्पिनर के तौर पर गुजरात के पास अनुभवी राशिद खान है, जिन्होंने मौजूदा सत्र में ज्यादा विकेट नहीं लिये है पर वह रन रोकने में सफल रहे हैं। तेज गेंदबाजी में फर्ग्यूसन को मोहम्मद शमी का अच्छा सहयोग मिल रहा है। गुजरात की टीम के लिए हालांकि पावर प्ले में कमजोर बल्लेबाजी परेशानी का कारण बन सकती है। गुजरात की बल्लेबाज कप्तान हार्दिक पांड्या , डेविड मिलर के अलावा शुभमन गिल ओर मैथ्यू वेड पर आधारित रहेगी। शुभमन ने दो बड़ी पारियां खेली है पर वह सात मैचों में 207 रन ही बना पाये है। वेड की जगह टीम में शामिल हुए युवा रिद्धिमान साहा भी बल्ले से अबतक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये है। हार्दिक ने अब तक टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। उन्हें मिलर का भी सहयोग मिला है। फिनिशर की भूमिका में अभिनव मनोहर और राहुल

# आईपीएल में मैच विजेता बनकर उभरे ये बैकअप खिलाड़ी

**नई दिल्ली** । आईपीएल के 15 वें सत्र में जहां कई दिग्गज खिलाड़ी नाकाम रहे हैं। वहीं कई ऐसे खिलाड़ी सफल रहे हैं जिन्हें टीमों ने बैकअप (विकल्प) के तौर पर शामिल किया था। अब वही खिलाड़ी मैच विजेता के रुप में सामने आये हैं। शुरुआत में इन खिलाड़ियों को अंतिम ग्यारह में तक जगह मिलने की उम्मीद नहीं थी पर जब इन्हें जगह मिली तो इन्होंने कमाल दिखा दिया है। ऐसे खिलाड़ियों में चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव से लेकर तेज गेंदबाज उमेश यादव और कई अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

कुलदीप याददः कुलदीप के लिए पिछला समय अच्छा नहीं रहा। आईपीएल 2022 की ऑक्शन से पहले केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया था। मेगा नीलामी में भी कुलदीप पर दो टीमों ने दांव लगाया और बाजी दिल्ली कैपिटल्स ने मारी और 2 करोड़ में इस गेंदबाज को खरीद लिया। इस सत्र में वह दिल्ली के अब तक हुए सभी मुकाबलों में अंतिम ग्यारह में शामिल रहे ओर उन्होंने टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपनी पुरानी टीम केकेआर के खिलाफ 4 विकेट लेने उन्होंने इसे साबित भी किया और पहली पसंद का गेंदबाज न होने के बावजूद अपने प्रदर्शन से इस सत्र में कैपिटल्स की ओर से अहम भूमिका निभाई है।

उमेश यादवः इस सत्र में उमेश को अंत में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने खरीदा था। वह पावरप्ले में टीम के विशेषज्ञ गेंदबाज के तौर पर सामने आये जबकि नीलामी में किसी भी टीम ने उनमें रुचि नहीं दिखायी थी। उन्हें 2 करोड़ में केकेआर ने खरीदा। पैट कमिंस और टिम साउदी की अनुपलब्धता की वजह से उमेश को अंतिम ग्यारह में जगह मिली और उन्होंने इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए पावरप्ले में अपनी गेंदबाजी से सबको हैरान किया। . शुरुआती पांच मुकाबलों में उन्होंने पावरप्ले में 5.77 की इकोनॉमी रेट से 6 विकेट लिए और इस अवधि में सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज भी बने।

शिवम दुबेः शिवम ने पावर हिटर के रूप में इस सत्र में तीन अहम पारियां खेली। इसमें से एक 95 रन की पारी अपनी पुरानी टीम आरसीबी के खिलाफ खेली थी। शिवम को चेन्नई सुपर किंग्स ने नीलामी में बड़ी कीमत में खरीदा था। सीएसके में उन्हें आक्रामक बल्लेबाजी की आजादी मिली और इसी का उन्होंने लाभ उठाया।

शाहबाज अहमदः बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले शाहबाज बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। साल 2020 में आरसीबी से जुड़े थे पर उन्हें खेलने के मौके कम ही मिले। इस साल नीलामी में दोबारा आरसीबी ने इस खिलाड़ी को खरीदा और शाहबाज ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया। . अब तक इस खिलाड़ी को जो मौके मिले हैं, उसने अपने चयन को सही साबित किया है और फर्स्ट चॉइस खिलाड़ी नहीं होने के बावजूद मैच विजेता बनकर उभरे हैं. दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 21 गेंद में 32 रन की पारी इसका सबूत है।

# सैमसन टीम इंडिया में वापसी के अवसर खो रहे : बिशप

**मुंबई** । वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के पास इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बेहतर प्रदर्शन कर टीम इंडिया में वापसी का दावा पेश करने का अवसर था पर वह इसमें विफल रहे हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन निरंतरता की कमी के कारण अब भी टीम इंडिया में जगह नहीं बना पाये हैं। बिशप ने कहा, 'जब प्रमुख बल्लेबाज जोस बटलर जल्दी आउट हो गये थे तब सैमसन के पास बड़ा स्कोर बनाकर अंतरराष्टीय क्रिकेट में वापसी के लिए अपना दावा पेश करने का अवसर था पर वह उसका उपयोग नहीं कर पाये। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने माना कि जब सैमसन लय में रहते हैं तो उनका खेल शानदार होता है पर वह अपने खेल में निरंतर बनाये नहीं रख पाते। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने भारत की ओर से अंतिम बार टी20 मैच फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। बटलर आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में जल्दी आउट हो गए थे और ऐसे में सैमसन के पास रन बनाकर अपने को साबित करने का अच्छा अवसर था। वह लय में भी दिख रहे थे पर 27 रन बनाने के बाद श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा की गेंद पर अपना संयम खो बैठे और रिवर्स स्वीप लगाकर आउट हो गये। बिशप ने कहा, 'ऐसा नहीं है कि संजू फॉर्म में नहीं है पर वह आसानी से अपना विकेट खो रहे हैं। मैं सैमसन के खेल को पसंद करता हूं पर वह शॉट चयन के कारण अपनी अच्छी फॉर्म कायम नहीं रख पाते हैं।'




*मैनचेस्टर में चैम्पियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल में खेलते हुए मैनचेस्टर सिटी के केविन डी ब्रून व रियल मैड्रिड के डेविड अलाबा।*

# रियान ने गिलक्रिस्ट और कैलिस के विशिष्ट क्लब में प्रवेश किया

**मुम्बई** । रियान पराग के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को हराकर अपनी छठी जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही रॉयल्स की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर हैं। रियान ने इस मैच में अर्धशतक लगाने के साथ ही कुल 4 कैच पकड़कर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। . रियान आईपीएल के किसी एक मैच में 50 से ज्यादा रनों के साथ ही 4 कैच पकड़कर जैक कैलिस और एडम गिलक्रिस्ट जैसे खिलाड़ियों के एक विशेष क्लब में शामिल हो गए है। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर कैलिस ने आईपीएल में यह कारनामा साल 2011 में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेलते हुए डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ मुकाबले में किया था। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई महान विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने साल 2012 में धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था। रियान ने 31 गेंदों पर 3 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 56 रन की पारी खेली।

## व्यापार न्यूज

### एयर इंडिया ने एयरएशिया इंडिया के सौदे का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली** ।टाटा के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया ने किफायती विमानन सेवा एयरएशिया इंडिया के सौदे का प्रस्ताव रखा है और इस प्रस्तावित सौदे के लिए प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी मांगी है। एयरएशिया में 83.67 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड के पास है और बाकी हिस्सेदारी एयरएशिया इंवेस्टमेंट लिमिटेड (एएआईएल) के पास है, जो मलेशिया के एयरएशिया समूह का हिस्सा है। एयर इंडिया और इसकी सहायक इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस को पिछले साल टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड ने अधिग्रहित किया था। इसके अलावा टाटा सिंगापुर एयरलाइंस के साथ संयुक्त उद्यम में एक पूर्ण विमानन सेवा विस्तार का संचालन भी करती है। टाटा समूह का ताजा फैसला अपने विमानन कारोबार को मजबूत करने के प्रयासों का एक हिस्सा है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पास दायर एक नोटिस में कहा गया है ?कि प्रस्तावित संयोजन एयर इंडिया लिमिटेड (एआईएल) द्वारा एयरएशिया (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड की संपूर्ण इक्विटी शेयर पूंजी के अधिग्रहण से संबंधित है। एक निश्चित सीमा से अधिक हिस्सेदारी के सौदों के लिए सीसीआई की मंजूरी जरूरी है। एयरएशिया इंडिया ने जून 2014 में उड़ान भरना शुरू किया था और कंपनी देश में अनुसूचित हवाई यात्री परिवहन, एयर कार्गो परिवहन और चार्टर उड़ान सेवाएं मुहैया कराती है। कंपनी किसी भी अंतरराष्ट्रीय उड़ान का संचालन नहीं करती है। नोटिस में कहा गया है कि प्रस्तावित संयोजन से प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में कोई बदलाव नहीं होगा या भारत में प्रतिस्पर्धा पर कोई उल्लेखनीय प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### आरआईएल का बाजार मूल्यांकन 19 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली** ।रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के शेयरों में बुधवार को हुई तेजी की वजह से कंपनी का बाजार मूल्यांकन बढ़कर 19 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। बाजार मूल्यांकन के इस निशान को पार करने वाली आरआईएल पहली भारतीय कंपनी बन गई। बीएसई पर आरआईएल के शेयर 1.85 प्रतिशत बढ़कर 2,827.10 रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए। शेयर की कीमत में तेजी के बाद बीएसई पर सुबह के कारोबार में कंपनी का बाजार मूल्यांकन 19,12,814 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले इस साल मार्च में आरआईएल का बाजार मूल्यांकन 18 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया था। इस साल अब तक आरआईएल के शेयर 19 फीसदी से ज्यादा चढ़े हैं। जानकारों के मुता?बिक रिलायंस इंडस्ट्रीज सभी खंडों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। तेल और गैस की कीमतों में उछाल के कारण इसका पेट्रोकेमिकल व्यवसाय बहुत अच्छा रहा है।

### इंडोनेशिया में पाम आयल निर्यात पर रोक से भारत पर असर की संभावना कम

**नई दिल्ली** ।रेटिंग और बाजार परामर्श एजेंसी क्रिसिल रिसर्च की जारी एक ताजा रिपोर्ट में इंडोनेशियों से पाम आयल निर्यात पर रोक से भारत के बाजार पर कोई खास असर पड़ने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार इंडोनेशिया ने कच्चे पाम तेल आरबीडी पाम तेल के निर्यात पर पाबंदी नहीं लगाई है जो भारत की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। क्रिसिल रिसर्च के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि हाल ही में जारी इंडोनेशियाई अधिकारियों के नवीनतम स्पष्टीकरण के अनुसार, पिछले सप्ताह घोषित निर्यात प्रतिबंध में आरबीडी ओलियन के निर्यात को रखा गया है। उसमें कच्चे पाम तेल (सीपीओ) और आरबीडी पाम तेल के निर्याता पर पाबंदी नहीं है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत ने नवंबर-मार्च '22 के दौरान 56.4 लाख टन खाद्य तेल का आयात किया, जिसमें से 47 फीसदी माल खाद्य पाम तेल और उसके ब्यूत्पादों का था। इस तरह पाम तेल और उसके उत्पाद का आयात इस दौरान 26 लाख 50 हजार टन के करीब बनाते हैं। इसमें इंडोनेशियाई बाजार की हिस्सेदारी 37 फीसदी है जबकि मलेशिया और थाईलैंड ने शेष 63 फीसदी का योगदान दिया है। जानकारी के मुता?बिक इंडोनेशिया से कुल पाम के तेल का आयात 9.8 लाख टन के करीब था।

## कमजोरी के साथ खुले शेयर बाजार

# सेंसेक्स 496 अंक टूटा, निफ्टी में 144 अंक की गिरावट




**मुंबई** । वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों की वजह से प्रमुख शेयर सूचकांकों में बुधवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख देखने को मिला। इस दौरान विदेशी कोषों की भारी बिकवाली के चलते इंफोसिस और बजाज फाइनेंस जैसे बड़े शेयरों में गिरावट से बाजार पर अतिरिक्त दबाव बना। बुधवार के शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 495.77 अंक गिरकर 56,860.84 पर कारोबार कर रहा था। एनएसई निफ्टी 144.15 अंक टूटकर 17,056.65 पर आ गया। सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, मारुति और टाइटन गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एनटीपीसी, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, पावर ग्रिड और एचडीएफसी में तेजी देखने को मिली। अन्य एशियाई बाजार दोपहर के सौदों में मिलेजुले रुख के साथ काम कर रहे थे। इस दौरान तोक्यो और सोल में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई, जबकि हांगकांग और शंघाई में

### सोना सस्ता, चांदी की कीमत भी गिरी



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में दबाव के बीच घरेलू बाजार में बुधवार को एमसीएक्स पर जहां सोने की कीमत 0.14 फीसदी कम होकर 51,511 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई, जबकि चांदी के दाम में मामूली 0.04 फीसदी की गिरावट आई और इसका भाव कम होकर 64,941 रुपए प्रति किलोग्राम रह गया है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है। गौरतलब है ?कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे टूटा



**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर की मजबूती और विदेशी कोषों की बिकवाली जारी रहने के चलते रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे टूटकर 76.72 के स्तर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.69 पर खुला और फिर गिरावट दर्ज करते हुए 76.72 के स्तर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 16 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 76.56 पर बंद हुआ। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 102.34 पर था।



# बेबाकी से पसर्नल लाइफ बात को भी रखती हैं आराधना शर्मा



टीवी पर सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में कई सालों सो लोगों का मनोरंजन कर रहा हैं. हर किरदार का शो में अहन किरदार है. हाल ही में शो में एक डिटेक्टिव ने एंट्री ली हैं. शो में एमटीवी स्प्लिट्सविला-12 फेम आराधना शर्मा डिटेक्टिव का किरदार निभाती नजर आ रही हैं. शो में आराधना शर्मा गुंडों के एक गैंग के लिए काम करती नजर आ रही हैं.
आराधना शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और बेबाकी से अपनी पसर्नल लाइफ बात को भी रखती हैं. आराधना के शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में एंट्री लेते ही अब वह एक बार फिर चर्चा में छा गई हैं. एक इंटरव्यू में आराधना ने बताया कि अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ लगभग डेढ़ साल से रिलेशनशिप में थीं. एक्ट्रेस ने बताया कि इस दौरान दोनों के बीच प्यार बढ़ा और दोनों ने सहमति से शारीरिक संबंध बनाए, जो कॉमन भी है. आराधना ने बताया कि एक दिन शारीरिक संबंध बनाने के बाद आराधना को कुछ शक हुआ. उन्हें ये महसूस हुआ कि कुछ गलत हुआ है. कुछ समय के लिए उन्होंने इसे इग्नोर किया और फिर अपना काम करना शुरू कर दिया लेकिन फिर एक दिन उन्हें एहसास हुआ कुछ तो गड़बड़ है. क्योंकि उन्हें बहुत ज्यादा थकान महसूस हो रही थी. इस बातचीत में उन्होंने आगे बताया कि वह बिना वक्त गवाएं केमिस्ट शॉप पर पहुंचीं और वहां से प्रेग्नेंसी टेस्ट स्ट्रिप खरीदी. घर आकर चैक किया और जब रिजल्ट सामने आया तब उनकी जान में जान वापस आई, क्योंकि रिपोर्ट निगेटिव थी. तारक मेहता की मौजूदा स्टोरी लाइन में दिखाया है कि पत्रकार पोपटलाल काला बाजारी को खत्म करने के मिशन में हैं. इसी ट्रैक के बीच आराधना की शो में एंट्री हुई है. जो रिजॉर्ट में रूम सर्विस स्टाफ की मेंबर बनी हैं. आपको बता दें कि आराधना शर्मा स्प्लिट्सविला-12 में नजर आ चुकी हैं. आराधना एक शानदार एक्ट्रेस होने के साथ-साथ बेहतरीन मॉडल और डांसर भी हैं. इंस्टाग्राम पर उनकी बोल्ड तस्वीरों को फैंस काफी पसंद करते हैं।

## त्वचा के लिए फायदेमंद हैं कैमोमाइल चाय के फेस पैक, जानिए बनाने और लगाने का तरीका



कैमोमाइल छोटे-छोटे सफेद रंग के फूल होते हैं, जिनका काफी समय से औषधीय रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। आमतौर पर कैमोमाइल की चाय मूड को बेहतर बनाने और स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत फायदेमंद मानी जाती है। हालांकि क्या आप जानते हैं कि कैमोमाइल की चाय के फेस पैक का इस्तेमाल करके आप अपनी त्वचा को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। आइए आज हम आपको इसके फेस पैक बनाने और लगाने का तरीका जानते हैं।

### कैमोमाइल की चाय और मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक

सामग्री: दो बड़ी कैमोमाइल की चाय (बिना चीनी मिलाएं), दो बड़ी चम्मच मुल्तानी मिट्टी और दो छोटी चम्मच शहद। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीका: एक कटोरी में इन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को एक सॉफ्ट ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं और सूखने से बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। फायदा: यह फेस पैक त्वचा का अतिरिक्त तेल सोखकर कील-मुंहासों से छुटकारा दिला सकता है।

### कैमोमाइल की चाय और नारियल के तेल का फेस पैक

सामग्री: एक बड़ी चम्मच कैमोमाइल की चाय (बिना चीनी मिलाए) और दो बड़ी चम्मच नारियल का तेल। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीका: एक कोटरी में इन दोनों सामग्रियों को अच्छे से मिला लें और फिर इस मिश्रण को अपने पूरे चेहरे पर लगाकर इसे 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। फायदा: यह फेस पैक बढ़ती उम्र के प्रभावों को कम कर सकता है।

### कैमोमाइल की चाय और जैतून के तेल का फेस पैक

सामग्री: एक बड़ी चम्मच कैमोमाइल की चाय (बिना चीनी मिलाए), तीन चम्मच जैतून का तेल और दो चम्मच चीनी। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीका: एक कोटरी में सभी सामग्रियों को अच्छे से मिला लें। फिर इस मिश्रण को अपने पूरे चेहरे पर लगाकर इसे 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। फायदा: यह चेहरे को नमी देने के साथ इसकी गहराई से सफाई भी करता है।

### कैमोमाइल की चाय और योगर्ट का फेस पैक

सामग्री: एक बड़ी चम्मच कैमोमाइल की चाय (बिना चीनी मिलाए), दो चम्मच योगर्ट और एक चम्मच बेसन। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीका: एक कटोरी में इन सभी सामग्रियों को मिलाकर इसे अपने चेहरे पर लगाएं और फिर जब फेस पैक अच्छे से सूख जाएं तो चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

# स्टार का आइडिया तेजी से बदल रहा है: तमन्ना भाटिया



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया का मानना है कि डिजिटल क्षेत्र में तेजी के बाद स्टार का आइडिया तेजी से बदल रहा है। तमन्ना एक दशक से भी अधिक समय से तमिल और तेलुगु उद्योगों में सबसे बड़े नामों में से एक रही हैं और उन्होंने बॉलीवुड और कन्नड़ फिल्मों में भी अभिनय किया है। बड़े पर्दे पर सफलता का स्वाद चखने के बाद, उन्होंने अब डिजिटल स्पेस में कदम रखा है। इस साल, वह वेब श्रृंखला द 11 ऑवर और हाल ही में, नवंबर स्टोरी में नजर आयेंगी।

तमन्ना ने बताया वह निश्चित रूप से दो माध्यमों के बीच चयन करने की आवश्यकता महसूस नहीं करती है। इसमें से चुनने के लिए कुछ भी नहीं है क्योंकि कम से कम मेरे मामले में मेरे पास दोनों हैं। मुझे लगता है कि फैन फॉलोइंग एक हो सकती थी। कहते हैं, 10 साल पहले आज की पीढ़ी के लिए मुश्किल होगी, क्योंकि स्थिति के साथ महामारी के कारण, फिल्मों के इर्द-गिर्द भावनाएं अलग हैं। सिनेमा को देखने का तरीका अलग होने वाला है। उन्होंने कहा, इसलिए, एक स्टार का पूरा विचार बहुत तेजी से बदल रहा है, और लोग कंटेंट देख रहे हैं और कंटेंट को पसंद कर रहे हैं, न कि केवल एक अभिनेता या व्यक्तिगत प्रतिभा के लिए। उन्होंने कहा, तमन्ना खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्होंने सिनेमा के माध्यम से एक वफादार प्रशंसक बनाए हैं। मुझे लगता है कि 10 साल पहले मैंने जो स्टारडम का विचार देखा था, वह शायद एक वफादार प्रशंसक विकसित करने का सबसे जैविक तरीका था, जिसका अनुभव करने का मुझे सौभाग्य मिला है। अपने नए शो, क्राइम थ्रिलर नवंबर स्टोरी के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री का कहना है कि यह हर दिन नहीं होता है जब किसी को एक ऐसा चरित्र मिलता है जिसमें एक विस्तृत इमोशन ग्राफ होता है। मैं पहले कभी किसी क्राइम थ्रिलर का हिस्सा नहीं रही। इसलिए, मेरे लिए शैली नई है और इसने मुझे मुख्य रूप से एक पिता-बेटी के रिश्ते का पता लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके कई कोण थे कि यह मेरे लिए अद्वितीय और नया क्यों बन गया,और यह सचमुच हर दृश्य में शो के माध्यम से तनाव को बनाए रखने जैसा था। यह चुनौतीपूर्ण था और मैंने अपने करियर में ऐसा कभी नहीं किया था। उन्होंने सात-एपिसोड के व्होडुनिट के बारे में कहा, जिसमें पसुपति, जीएम कुमार, अरुलदास और विवेक प्रसन्ना है और यह डिजनी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर प्रसारित होगा।

# शाहरुख खान की इजहार नहीं, बैजू बावरा है संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म



संजय लीला भंसाली अलग-अलग तरह की रोचक फिल्मों के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों का दर्शक और फिल्म समीक्षक काफी बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल में खबर सामने आई थी कि शाहरुख खान की फिल्म इजहार संजय की अगली फिल्म हो सकती है। अब इस संबंध में एक नई जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो शाहरुख की इजहार नहीं बल्कि बैजू बावरा संजय की आगामी फिल्म हो सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाल में चर्चा में रही शाहरुख की इजहार नहीं बल्कि बैजू बावरा संजय की अगली फिल्म होगी। सूत्र की मानें तो एक म्यूजिकल महागाथा बैजू बावरा को बनाने की योजना पर काम चल रहा है। सूत्र ने कहा, फिल्म के मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर 2019 में बैजू बावरा का ऐलान किया था। वह गंगूबाई काठियावाडी की रिलीज के बाद इस फिल्म को बनाने की अपनी योजना पर कायम हैं। सूत्र ने आगे बताया कि पिछले एक साल में लॉकडाउन के कारण मेकर्स ने इसकी पटकथा और म्यूजिक के काम से ब्रेक लिया है। संजय का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे वह गंगूबाई काठियावाडी और हीरा मंडी के प्रोजेक्ट को पूरा करने के बाद शुरू कर सकते हैं। खबरों की मानें तो इस फिल्म में मेकर्स बड़े कलाकारों को शामिल कर सकते हैं। इस फिल्म की कहानी 1952 में आई क्लासिक फिल्म बैजू बावरा पर आधारित होगी। संजय अपने मिजाज के हिसाब से फिल्म को बनाने के बारे में सोच रहे हैं। सूत्र ने बताया कि भव्यता, संगीत और कहानी के अलावा स्टार-कास्ट फिल्म का मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। अगर सबकुछ योजना के हिसाब से होता है, तो फिल्म की शूटिंग 2022 के मध्य तक शुरू हो सकती है। कहा जा रहा है कि सबकुछ मौजूदा कोरोना वायरस की महामारी के हालात पर निर्भर करता है। इसकी शूटिंग तब शुरू होगी, जब स्थितियां सामान्य हो जाएंगी। अगले साल तक कोरोना के हालात सामान्य नहीं होंगे तो मेकर्स फिल्म को छोटे लेवल पर बना सकते हैं। बैजू बावरा एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन विजय भट्ट ने किया था। यह फिल्म 1952 में रिलीज हुई थी और इसमें मीना कुमारी और भारत भूषण जैसे कलाकार नजर आए थे।

## यश चोपड़ा बहुत प्रगतिशील निर्देशक थे: माधुरी दीक्षित



बॉलीवुड की डांसिंग डिवा माधुरी दीक्षित नेने मानती हैं कि दिवंगत फिल्म निर्माता यश चोपड़ा बहुत ही प्रगतिशील फिल्म निर्माता थे और उन्होंने हमेशा समय के साथ अच्छा तालमेल बिठाया। माधुरी ने हाल ही में अपने प्रशंसकों के साथ बातचीत करते हुए अपनी राय व्यक्त की, जहां उनके फैन क्लब ने हैशटैग मैडजनेस अवार्ड बनाया। ये माचिस की डिब्बियों का उपयोग करके बनाए गए पुरस्कार हैं और स्मृति चिन्ह के रूप में प्रस्तुत किए जाते हैं। प्रशंसकों के वोटों के आधार पर पुरस्कारों की श्रेणियां तय की गई हैं। बातचीत के दौरान, चोपड़ा की 'दिल तो पागल है' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ संगीत और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार घोषित किया गया। माधुरी ने कहा यशजी एक बहुत ही प्रगतिशील निर्देशक थे और उन्होंने हमेशा समय के साथ तालमेल बिठाया। उनकी 'दीवार', 'दाग', 'काला पत्थर' जैसी कई फिल्में बहुत प्रगतिशील हैं। उन्होंने आगे कहा जब मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला, तो मैंने स्क्रिप्ट सुनी और उनसे प्यार हो गया। फिल्म प्यार के बारे में थी और एक लड़की कैसे मानती है कि वह अपनी आत्मा से मिलेगी, जो मैं सोचती हूं मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ था जब मैं श्रीराम नेने से मिली थी। माधुरी ने कहा कि एक निर्माता और निर्देशक के रूप में यश चोपड़ा 'बहुत ही पेशेवर' थे। उन्होंने कहा मुझे उनके बारे में जो सबसे ज्यादा पसंद आया कि वह कलाकारों को अपना काम करने के लिए स्वतंत्र छोड़ते थे।

# निक्की तंबोली ने की तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर मचाया बवाल



एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों केपटाउन में खतरों के खिलाड़ी 11 की शूटिंग कर रही है। इसके साथ एक्ट्रेस केपटाउन के मौसम का भी पूरा मजा ले रही है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है, जो खूब पसंद की जा रही है। निक्की तंबोली ने एक बार फिर से अपने फैंस का दिल जीत लिया है। तस्वीरों में निक्की व्हाइट स्पोर्ट्स ब्रा और पिंक शॉर्ट्स में नजर आ रही है। जिसे निक्की ने पिंक जैकेट से टीम-अप किया हुआ है। इसके साथ एक्ट्रेस ने व्हाइट शूज पेयर किए हुए हैं। लाइट मेकअप और ओपन हेयर्स से निक्की ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। इस लुक में निक्की हॉट लग रही है। तस्वीरें शेयर करते हुए निक्की ने लिखा- मैंने अपना समय लिया...रिचार्ज हुई, घावों को भरा और मजबूती के साथ वापसी। फैंस इन तस्वीरों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। घर से बाहर आने के बाद निक्की तंबोली सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव हो गई है और वो केपटाउन आते ही अपनी कई सारी तस्वीरें शेयर की है। अब सोशल मीडिया पर निक्की तंबोली ने अपने चाहने वालों को केपटाउन शहर के अपडेट्स दे रही है। अभिनेत्री निक्की तंबोली ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें वो अपने परफेक्ट फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रही हैं। पिछले काफी समय से निक्की तंबोली खुद के साथ चालिटी टाइम स्पेंड कर रही है।

# आंखों की सूजन को दूर करने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगी राहत



सूजी आंखों से चेहरा भी बहुत अजीब सा लगने लगता है और यह समस्या अधिक रोने, अनिद्रा की समस्या, हैंगओवर, गलत खान-पान और एलर्जी आदि की कारणों से हो सकती है। हालांकि, आपको इसे लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि कुछ घरेलू नुस्खों अपनाकर आप इससे राहत पा सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप सूजी आंखों को जल्द ठीक कर सकते हैं।


**कोल्ड कंप्रेस का करें इस्तेमाल:** अगर आप आंखों की सूजन से जल्द राहत पाना चाहते हैं तो इसके लिए कोल्ड कंप्रेस का इस्तेमाल लाभदायक सिद्ध हो सकता है। कोल्ड कंप्रेस के लिए आप ठंडे पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि इसमें सूजन को कम करने और घाव भरने के गुण भी मौजूद होते हैं। इसके लिए तौलिए का थोड़ा सा हिस्सा ठंडे पानी में डूबो लें और फिर इसे निचोड़कर चार-पांच मिनट आंख की प्रभावित जगह पर लगाकर रखें।

**खीरा भी है बेहतर विकल्प:** खीरे का इस्तेमाल करके भी आप आंखों से जुड़ी कई समस्याओं से राहत पा सकते हैं और इसमें आंखों की सूजन को ठीक करना भी शामिल है। आंखों की सूजन से राहत पाने के लिए दो से तीन मिनट के लिए खीरे की दो मोटी स्लाइस को ठंडे पानी में भिगोएं और फिर इसे 10 मिनट के लिए अपनी बंद आंखों पर रखें। इससे न सिर्फ आंखों को ठंडक मिलेगी बल्कि आंखों की सूजन भी धीरे-धीरे कम होने लगेगी।

**ग्रीन टी बैग आएंगे काम:** ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण मौजूद होता है, जो आंखों की सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ मिनट ग्रीन टी बैग को फ्रिज में रखें और फिर इन्हें फ्रिज से निकालकर ज्यादा से ज्यादा 10 मिनट तक अपनी आंखों पर रखें। हालांकि, अगर आपके पास ग्रीन टी बैग न हो तो आप इसकी जगह ब्लैक टी बैग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**अंडे के सफेद भाग का आई मास्क बनाए:** अंडे के सफेद भाग में ऐसे एंजाइम मौजूद होते हैं, जो आंखों की सूजन को ठीक करने में प्रभावी ढंग से काम कर सकते हैं।

## विक्रम वेधा में चार अलग-अलग लुक में नजर आयेंगे ऋतिक रौशन



बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन फिल्म 'विक्रम वेधा में चार अलग-अलग लुक में नजर आयेंगे। बॉलीवुड में चर्चा है कि ऋतिक रौशन ने दक्षिण भारतीय सुपरहिट फिल्म विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक में काम करने जा रहे है। फिल्म में ऋतिक रोशन एक विलेन का किरदार निभाते दिखेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म में ऋतिक वेधा यानी एक गैंगस्टर के किरदार में दिखाई देंगे। बताया जा रहा है कि जून महीने से फिल्मों की शूटिंग शुरू होगी। इस फिल्म में ऋतिक रौशन चार अलग लुक में नजर आएंगे। ऋतिक ने अपने गेटअप और कॉस्ट्यूम को लेकर खास इनपुट दिए हैं। उनका कहना है कि उन्हें ऐसे ड्रेस प्रदान किए जाएं, जिसमें बनारस के युवा अक्सर नजर आते हैं। बताया जा रहा है कि ऋतिक के लुक के साथ रोचक प्रयोग किए जा रहे हैं। उन्हें यंग वेधा से लेकर क्राइम की दुनिया में धाक जमाते वेधा के फॉर्म में भी दिखाया जाएगा। विक्रम वेधा की 40त्न शूटिंग मुंबई में होगी 60त्न शूटिंग लखनऊ, बनारस और उत्तर प्रदेश के अन्य इलाकों में होगी।

## राज्यपाल मलिक की हिम्मत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के तौर पर सतपाल मलिक ने जो अद्भुत काम किया है, मेरी स्मृति में इतना साहसिक कार्य किसी अन्य राज्यपाल ने भारत में पहले कभी नहीं किया। उन्होंने 300 करोड़ रु. की रिश्वत को ठोकर मार दी। यदि वे उन दो फाइलों पर



अपनी स्वीकृति के दस्तखत भर कर देते तो अनिल अंबानी की एक कंपनी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता उन्हें 300 करोड़ रु. आसानी से दिलवा देते। जब मलिक ने छह-सात माह पहले इस प्रकरण को सार्वजनिक जिक्र किया तो मुझे एकाएक विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि आरएसएस के कार्यकर्त्ता इस तरह के अनुचित कार्यों से प्राय- दूर ही रहते हैं। उनके और मेरे कुछ मित्रों ने कहा कि उन्हें पहले कश्मीर से गोवा और फिर वहां से मेघालय भेज दिया गया तो वे बस इस तबादले पर अपनी नाराजी निकाल रहे हैं लेकिन मैं सतपाल मलिक को उनके छात्र-काल से जैसा जानता हूं, मुझे लगता था कि उनके जैसा सत्यनिष्ठ और निर्भीक नेता ऐसे निराधार आरोप कैसे लगा सकता है। सतपाल मलिक की हिम्मत ने अब रंग दिखा दिया। जम्मू-कश्मीर के वर्तमान उप-राज्यपाल मनोज सिंह ने जो कि खुद मलिक की तरह लोकप्रिय छात्र-नेता रहे हैं, दोनों मामले सीबीआई को सौंप दिए हैं। जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों की लंबी परंपरा है। जब शासन मुख्यमंत्रियों के हाथ में होता है तो वे बेलगाम होकर भ्रष्टाचार करते हैं। कश्मीर में भ्रष्टाचार का दूसरा नाम शिष्टाचार है। जिन दो मामलों की जांच चल रही है, उनमें एक जम्मू का कीरू हाइडल पॉवर प्रोजेक्ट है और दूसरा प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमे से संबंधित है। इन दोनों मामलों में जम्मू-कश्मीर के हजारों करोड़ रु. खपने थे। पहले तो इनके टेंडर जारी करने में घपले हुए और फिर जब टेंडर जारी किए गए तो उनमें कई शर्तों का पालन नहीं किया गया। अंबानी की कंपनी को 61 करोड़ रू. का अग्रिम भुगतान भी हो गया। लगभग 4 हजार करोड़ के दूसरे प्रोजेक्ट में भी पता नहीं कितना घपला होता। सरकारी अफसरों ने सारी अनियमितताओं की अनदेखी कर दी और टेंडर भी पास कर दिए। यदि राज्यपाल आपत्ति नहीं करते तो हमेशा की तरह सारा खेल आराम से चलता रहता लेकिन विभागीय जांच से पता चला कि इन दोनों कंपनियों को हरी झंडी दिखाने के काले काम में सरकार के ऊँचे अफसरों की भी मिलीभगत है। जाहिर है कि उन्होंने भी रिश्वत खाई होगी। उन अफसरों के खिलाफ पुलिस ने रपट लिख ली है और केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जांच शुरु कर दी है। उप-राज्यपाल मनोज सिंहा ने पर्याप्त सख्ती और मुस्तैदी दिखाई, वरना जम्मू-कश्मीर को भारी नुकसान भुगतना पड़ता। भ्रष्टाचारी व्यवसायी और अफसरों की तो जेबें भरतीं लेकिन कश्मीरी नौजवानों को रोजगार के नाम पर कोरा अंगूठा मिलता। यदि अन्य प्रदेशों के राज्यपाल भी ऐसी ही सतर्कता का परिचय दें तो भ्रष्टाचार पर थोड़ा-बहुत अंकुश जरुर लग सकता है।

# हिजाब विवाद: मुस्लिमों छात्राओं के साथ एक षड्यन्त्र

डॉ विश्वास चौहान

कर्नाटक में हाईकोर्ट के फैसले के बावजूद हिजाब के मुद्दे पर कुछ साम्प्रदायिक कट्टरपन्थियों की असंवेधानिक जिद बरकरार है. कर्नाटक में हाल ही में12वीं कक्षा की दो छात्राओं को उनके परिजनों ने कुछ जाहिल मुल्ले मोलवियों के दबाव में आकर 12 वीं की परीक्षा दिलाने से वंचित करा दिया , क्योंकि माननीय कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार उन्हें विद्यालय ने हिजाब के साथ परीक्षा हॉल में बैठने की अनुमति नहीं दी ।

कर्नाटक में शासकीय विद्यालयों के ड्रेस कोड को हिन्दू धर्म सहित सभी भारतीय एवम विदेशी मत पन्थों द्वारा मान्य कर अनुशासन पूर्वक पालन किया जाता रहा है । लेकिन एकाएक स्कूल गणवेश या यूनिफार्म के अनुशासन का विरोध कर हिजाब की जिद करने के पीछे पाकिस्तान परस्त भारत विरोधी मुस्लिम एजेंडा पता चला है । जिसके अनुसार पाकिस्तान की मंशा है कि मुस्लिम बच्चियों को शिक्षा से दूर कर भारत के मुस्लिमो को राष्ट्रविरोधी अलगाव वाद की ओर ले जाना है । इस उद्देश्य के लिए कुछ मस्जिदों मदरसों में बैठे कुछ संदिग्ध बांग्लादेशी और पाकिस्तानी मुल्ले मौलवी तथा भारत टुकड़े गैंग के वामपंथी गिरोह कार्य कर रहे हैं।

भारत की वर्तमान केंद्र सरकार का मानना है कि एक कन्या पढ़ाने पर पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है। कारण यह है कि जहाँ पुरुष स्वयं की जीवन-यापिका पर ध्यान देगा, वही स्त्री बच्चो को शिक्षित, सुरक्षित और सुसंस्कृत करने में अपना ध्यान लगाएगी। सरकार का मानना है कि अगर मुस्लिम समाज को कट्टरपंथी मकडजाल से निकालना है तो उनका आधुनिकीकरण करना चाहिए । उनकी महिलाओ को पढ़ाइये; उन्हें देर से विवाह के फायदे के लिए प्रोत्साहित कीजिए। बाकी का कार्य वे स्वयं कर लेंगी। पढ़ी-लिखी महिला देर से विवाह करती है; उसे परिवार नियोजन के बारे में जानकारी है; वह अपना परिवार छोटा रखती है और दो बच्चो के बीच में कुछ वर्ष का गैप भी मेंटेन कर सकती हैं।



इस दृष्टि से अध्ययन करने पर सरकार को पता चला कि मुस्लिम लड़कियों में स्कूल छोड़ने की (ड्रॉपआउट) दर 70 प्रतिशत से अधिक थी और यह स्थिति 70 वर्षों तक बनी रही।

इन परिस्थितियों को सुधारने के लिए मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन शुरू किया, गांवों में और स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए स्कूल में शौचालय बनवाए। इस दृष्टि से केन्द्र सरकार द्वारा भारत मे खासतौर से मुस्लिम छात्राओ के लिए निम्नानुसार अन्य कई योजनाएं भी संचालित की गई।

**1. मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति योजना**
**2. मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना**
**3. मेरिट सह साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना**
**4. मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति योजना**
**5. पढ़ो परदेश**
**6. बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति**
**7. नई मंजिल**
**8. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास वित्त निगम की शैक्षिक ऋण योजना**
**9. प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम**

उक्त योजनाओ सहित मोदी सरकार ने 2014-15 से अब तक अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के शैक्षिक सशक्तीकरण के लिए 5.01 करोड़ छात्रवृत्ति भी मंजूर की है। इस पर 14 हजार 643 करोड़ रुपए भी खर्च किए गए हैं। इसमें 2.60 करोड़ मुस्लिम छात्राएं भी शामिल है।

मोदी सरकार के प्रयासों का परिणाम यह हुआ कि अब मुस्लिम छात्राओ की स्कूल से ड्रॉपआउट दर 70 प्रतिशत से गिरकर लगभग 30 प्रतिशत हो गई है। अभी भी केंद्र सरकार उनकी ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए लगातार काम कर रही है ।

मोदी सरकार के प्रयासों से यह भी पता चला कि भारत की जनसँख्या वृद्धि दर रिप्लेसमेंट लेवल के नीचे आ गयी है। अर्थात प्रति महिला दो बच्चे हो रहे है (total fertility rate - TFR); जबकि जनसँख्या स्थिर रखने के लिए 2.2 बच्चे होना चाहिए। यहां तक कि मोदी सरकार के प्रयासों से मुस्लिम बहुल लक्षद्वीप में ञ्स्न्रकेवल 1.4 एवं केरल में 1.8 रह गया है। बिहार (3), मेघालय (2.9), उत्तर प्रदेश (2.4), झारखण्ड (2.3), और मणिपुर (2.2) को छोड़कर, बाकी राज्यों में जनसँख्या तेजी से गिर रही है। इन राज्यों में भी जनसँख्या का वृद्धि दर अगले दो-तीन वर्ष में 2.2 से कम हो जायेगी।

कुछ मुस्लिम कट्टरपंथीयों के मन में कथित ÷काफिरो÷ से भी अधिक घृणा अपने समाज की पढ़ी-लिखी महिला के प्रति है। जिसके सेंकडो उदाहरण हैं । आप भी यदि चाहें तो एक बार सोशल मीडिया या टीवी पर बहस देखिए कि किस प्रकार से सुशिक्षित मुस्लिम महिलाये कट्टरपंथियों के विरूद्ध आवाज उठा रही है। यही कारण है कि मुस्लिम बच्चियों को स्कूल न भेजने के लिए इन कुछ मुल्ले मोलवियों के द्वारा स्कूलों के नियमों को शरीयत से जोड़कर भावनाएं भड़काकर मुस्लिम बिटियाओं को शिक्षा से दूर करने का प्रयास हो रहा है । वहीं दूसरी ओर मदरसों की धकेलने का प्रयास हो रहा है ।

मुस्लिम समाज के समझदार , पढेलिखे तबके को समाज में हिजाब की कुरीति को दूर करने के लिए सामने आना चाहिए , हिजाब की बजाय बिटियाओ की तालीम की तरफदारी करना चाहिए। ताकि मोदी सरकार की मेहनत से मुस्लिम बिटियाओ की ड्राप आउट दर जो 70त्न से 30त्न पर आई है वो ओर कम हो सके। देश के विकास शांति सद्भाव में वृद्धि के लिए तथा मुस्लिम समाज सुधार में इन पढ़ीलिखी मुस्लिम बिटियाओ की भागीदारी सुनिश्चित हो सके । देश मे शरीयत से ऊपर संविधान ही रहेगा ,यह बात जितनी जल्दी अलगाववादी मुल्ले मोलवी समझ लें उतना ही उनके लिए ठीक रहेगा ।

## रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे। अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी।% साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं।% उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, %मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

## बच्चों का टीकाकरण

सिद्धार्थ शंकर

कोरोना फिर से डराने लगा है। इस बार बच्चों को अपने चपेट में ले रहा है। दिल्ली-एनसीआर में ही पिछले 10 दिनों के अंदर संक्रमित होने वालों में 25 से 30 फीसदी बच्चे हैं। कई स्कूलों में बच्चों में संक्रमण के ज्यादा मामले आने का एक कारण वैक्सीनेशन का न होना भी है। 18 साल से ऊपर के ज्यादातर लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। बूस्टर डोज भी लगने लगी है, लेकिन छोटे बच्चों का टीकाकरण अभी नहीं हो पाया है। अब तक देश में 187 करोड़ 95 लाख 76 हजार 423 डोज लगाए जा चुके हैं। वहीं, 12-14 साल के बच्चों के मामले में पहले डोज की संख्या 2 करोड़ 70 लाख 96 हजार 975 है। जबकि, 37 लाख 27 हजार 130 दूसरे डोज लगाए गए हैं। कोरोना वायरस से बचाव के लिए बच्चों को नया हथियार मिल गया है। खबर है कि ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने 6-12 आयुवर्ग के लिए कोवैक्सीन की आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। वयस्कों के टीकाकरण में कोविशील्ड के अलावा कोवैक्सीन का भी इस्तेमाल हुआ था। फिलहाल, 15 से 18 साल के बच्चों को यह वैक्सीन दी जा रही है। कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच एक बार फिर बच्चों के टीकाकरण के प्रति ध्यान बढ़ा है। फिलहाल, कॉर्बिवैक्स 12 से 14 साल के बच्चों को दी जा रही है। भारत में 15-18 साल के बच्चों का टीकाकरण जनवरी से शुरू हो गया था। मार्च में इसे 12 साल से ऊपर के बच्चों के लिए भी हरी झंडी दी गई। कॉर्बिवैक्स के बाद कोवैक्सीन की मंजूरी मिलना टीकाकरण की दिशा में किसी बड़े कदम से कम नहीं है। विशेषज्ञ लगातार चेतावनी देते रहे हैं कि कोरोना बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए भी बच्चों का टीकाकरण जरूरी हो गया था। अगर समय रहते बच्चों का टीकाकरण नहीं किया गया तो



खतरा सामने खड़ा रहेगा। बच्चों को टीके इसलिए भी जरूरी हैं क्योंकि अब सभी राज्यों में स्कूल-कालेज खुल चुके हैं। जब बच्चे बाहर घरों से बाहर निकलेंगे, तो जाहिर है भीड़ से बचाव संभव नहीं होगा और संक्रमण का खतरा बढ़ेगा। इसलिए जितनी जल्दी 18 से कम उम्र वालों का टीकाकरण होगा, महामारी का जोखिम उतना ही कम किया जा सकेगा। कोविड का प्रकोप कुछ ठंडा पड़ने लगा, तो बहुत सारे लोगों ने मान लिया कि अब महामारी से मुक्ति मिल गई है। सरकार ने भी कोविड संबंधी ज्यादातर सख्त नियम हटा दिए हैं। मगर इसी बीच फिर से कोविड का नया बहुरूप प्रकट हो गया है। कई देशों में यह तेजी से फैल रहा है और खतरनाक भी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इसे लेकर चिंता जताई और सतर्क रहने को कहा है। उनका कहना है कि हर चार महीने पर कोरोना विषाणु का स्वरूप बदल रहा है, इसलिए किसी भी प्रकार की ढिलाई ठीक नहीं। टीकाकरण अभियान में तेजी लाना ही इसका कारगर उपाय है। ऐसे में हमारे यहां अब इसे लेकर एहतियात बरतने पर जोर बढ़ रहा है। कई राज्यों को सतर्क रहने को कह दिया गया है। इसी क्रम में अब अठारह साल से ऊपर आयु के लोगों के लिए भी एहतियाती खुराक की शुरुआत कर दी गई है। अभी तक अगली धार पर काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों और दूसरे कर्मचारियों और साठ साल से ऊपर के लोगों को इसे लगाया जा रहा था। अब तक करीब दो करोड़ चालीस लाख लोग एहतियाती खुराक ले भी चुके हैं। पर अब स्वास्थ्य मंत्रालय ने निजी अस्पतालों में छह सौ रुपए का भुगतान कर कोविशील्ड की अतिरिक्त खुराक लगवाने की मंजूरी दे दी है। अब अठारह साल से ऊपर के लोग भी एहतियाती खुराक ले सकेंगे। हमारे यहां टीकाकरण में काफी तेजी आई है और देश की अधिकतर आबादी को दोनों खुराक लग चुकी है। खुद स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक तिरासी करोड़ से अधिक यानी साठ फीसद से ऊपर लोगों का टीकाकरण पूरा हो चुका है। करीब बहत्तर फीसद लोगों को पहली खुराक दी जा चुकी है। फिलहाल पंद्रह साल से ऊपर के लोगों का टीकाकरण चल रहा है, उसमें भी कम से कम छियानबे फीसद लोगों को पहली खुराक दी जा चुकी है। इस तरह अब पहले की तरह टीके के उत्पादन और उसे लगाने को लेकर अधिक मारामारी नहीं है। एहतियाती खुराक के लिए बहुत भीड़भाड़ का भय नहीं है।

# सुरक्षा एवं स्वस्थता के लिये विश्व संगठन की जागरूकता जरूरी!

### सूडोकु नवताल- 6054

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल - 6053 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

डॉ. भरत मिश्र प्राची

विश्वभर में आज मद में डूबा हुआ मानव नित दिन नये - नये अहितकारी अविष्कार कर स्वयं के साथ - साथ हर जीव के लिये विनाशकारी होता जा रहा है। जहां हर स्तर पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को खतरा बना हुआ है। आज के समय में विनाशकारी अविष्कार हर एक के लिये खतरनाक साबित हो रहा है। इसका साक्षात् उदाहरण अभी हाल ही में विश्वभर में फैली महामारी कोरोना के विभत्स हालात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जहां अनगिनत काल के गाल में समा गये। जहां अपनों से अपने ही दूर हो गये जो आज तक पास नहीं आ सके। जहां हर स्तर पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया। इस तरह के हालात में केवल सजगता हीं काम आई जिसने इस महा संकट काल में सुरक्षा प्रदान कर स्वस्थ्य जीवन का स्वरूप उजागर कर सकी। जहां भी असावधानी रही, कोरोना अपनी चपेट में लेता गया। अमानवीय महामारी कोरोना आने का कारण भी मदमाती रासायनिक अविष्कार का किया गया प्रयोग हीं है जिसने संपूर्ण मानव जाति को संकट में डाल दिया। कई दिनों से जारी महायुद्ध की ओर बढ़ता रूस यूक्रेन युद्ध मानव जाति के साथ - साथ हर जीव के लिये खतरनाक बनता जा रहा है जहां हठ के चलते युद्ध थमने का नाम ही नहीं ले रहा। इस युद्ध में प्रयोग में आ रहे विनाशकारी आधुनिक विस्फोटक बम से प्रदूषित वातावरण आने वाले समय में कोरोना से भी खतरनाक महामारी का संकेत दे रहा है फिर भी विश्व स्तर पर इस दिशा में मानव हित के लिये बने संगठन



मौन है। जिसके कारण मानव अहितकारी रूस यूक्रेन का युद्ध निरंतर विनाश की ओर बढ़ता नजर आ रहा है।

आज युद्ध के साथ -साथ आतंकवादी गतिविधियां राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में तेजी से उभरती नजर आ रही हैं। जहां धार्मिक एवं क्षेत्रवाद के उन्माद को भड़काकर अशांति फैलाने का प्रयास यहां किया जाता रहा है । जिसे प्रत्यक्ष / अप्रत्यक्ष रुप से आतंकवादी गतिविधियों को पनाह किसी न किसी रुप में यहां मिलता रहा है । इस तरह के परिवेश विश्व भर में तेजी से उभरते जा रहे हैं, जहां सुरक्षा फिर से खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। निश्चित तौर पर इस तरह की कार्यवाही हर जगह अशांत वातावरण पैदा कर विकास मार्ग से अलग करने की सोची-समझी विश्व-स्तरीय चाल से जुड़ी लगती है। इस तरह की गतिविधियों को निश्चित तौर पर स्वार्थी तत्वों का संरक्षण मिल रहा है। जिनके लिये अर्थ सर्वोपरि है। इस तरह के हालात उन सभी के लिये शोचनीय है, जो मानवहित को सर्वोपरि मानकर चलते हैं। हम सभी है तो राजनीति है, ऐसे हालात में एक-दूसरे पर टीका-टिप्पणी करने के बजाय सभी को मिलजुलकर आतंकवादी से जुड़ी हर गतिविधियों का विरोध करना चाहिए। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिये इस परिप्रेक्ष्य में की जा रही राजनीति से सभी को गंभीर संकट से गुजरना पड़ सकता है। इस पहलू पर विश्व स्तर पर बने मानवहितकारी संगठन को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

आज विश्व में हर स्तर पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को खतरा बना हुआ है। जिसके कारण कब महाविनाश काल आ जाय, कुछ कहा नहीं जा सकता। विश्व के हर देश के पास रासायनिक परमाणु बम सहित आधुनिक हथियार है। युद्ध की ओर बढ़ते कदम में यदि विश्व के अधिकांश देश उलझ जाएं तो विनाशकरी खतनाक परिणाम को नकारा नहीं जा सकता। इससे पूर्व इतिहास के आइने में झलकते विश्व युद्ध के विनाशकारी परिणाम को परखा जा सकता है जहां वर्षो अपंगता पग पसारती रही। आज के हालात में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के हित में सजगता बहुत जरूरी है। इस दिशा में विश्व स्तर पर मानव हित में बने संगठन को जागरूक होकर सकरात्मक कदम उठाने की पहल करनी चाहिए जिससे किसी के हठ से पैदा हुये अहितकारी युद्ध को तत्काल रोका जा सके। इस दिशा में विश्व संगठन की सजगता एवं जागरूकता अहितकारी युद्ध एवं आतंकवाद के बढ़ते कदम पर ब्रेक लगा सकती है।

## विश्व सुरक्षा और स्वास्थ्य कार्य दिवस

अरविन्द प्रेमचंद जैन

यह संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जो हर 28 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य सुरक्षित, स्वस्थ और सभ्य कार्य को बढ़ावा देना है। यह 2003 से अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा देखा गया है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय विश्व सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियों और कार्यक्रमों के सुधार के लिए राष्ट्रीय प्रयासों को समर्थन प्रदान करना है जो प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों के अनुरूप हैं।

इस दिन सुरक्षित काम और काम से संबंधित दुर्घटनाओं और बीमारियों के आयाम और परिणामों के बारे में जागरूकता से संबंधित है। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय एजेंडा पर व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य को स्थापित करना है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियों और कार्यक्रमों के सुधार के लिए राष्ट्रीय प्रयासों को समर्थन प्रदान करना है जो प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों के अनुरूप हैं। राष्ट्रीय व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य संस्कृति वह है जिसमें सभी स्तरों पर एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण का अधिकार सम्मान किया जाता है, जहाँ सरकारें, नियोक्ता और श्रमिक सक्रिय रूप से परिभाषित अधिकारों की प्रणाली के माध्यम से एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण प्राप्त करने में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं, ज़िम्मेदारी और कर्तव्यों। कार्य पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए पहला विश्व दिवस 28 अप्रैल 2003 को मनाया गया था। इस दिन को लोगों को स्वतंत्रता, इक्विटी, सुरक्षा और मानव गरिमा की स्थितियों में सभ्य और उत्पादक कार्य प्राप्त करने के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए मनाया गया था।

### इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन

1919 में इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन का गठन हुआ। यह 1946 में यूनाइटेड नेशन की पहली विशिष्ट एजेंसी बन गई।इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन के 187 सदस्य देश हैं। इसका उद्देश्य सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों को श्रम मानकों को निर्धारित करना, कार्यक्रमों को तैयार करना, और सभी महिलाओं और पुरुषों के लिए अच्छे काम को बढ़ावा देने के लिए नीतियों का विकास करना है। इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन काम पर अधिकार को बढ़ावा देता है, सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाता है, रोजगार के अच्छे अवसरों को प्रोत्साहित करता है और काम से संबंधित मुद्दों पर संवाद को मजबूत करता है।

## गर्भनिरोधक गोलियां लेने से पहले रखें इन बातों का ध्यान



अगर आप भी परिवार नियोजन के लिए गर्भनिरोधक गोलियों का इस्तेमाल करती हैं तो सावधान हो जाएं क्योंकि यह नुकसानदेह भी हो सकती हैं। एक अध्ययन के अनुसार गर्भनिरोधक गोलियों का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं में चेहरे के हाव-भावों को पढ़ने की क्षमता प्रभावित हो सकती है, जिससे उनके अंतरंग संबंध पर भी असर पड़ सकता हैं। अध्ययन के अनुसार इन महिलाओं को खुशी या डर जैसे मूल हाव-भावों के बजाय गर्व या अपमान जैसे जटिल भावनात्मक हाव-भावों की पहचान करने का अवसर दिया गया था। इस दौरान गर्भनिरोध गोलियां (ओसीपी) लेने वालीं महिलाओं में भावनात्मक पहचान में बदलाव देखा गया। इसमें पता चला कि गोलियों का इस्तेमाल नहीं करने वाली महिलाओं की तुलना में ओसीपी प्रयोगकर्ताओं में तकरीबन 10 प्रतिशत नकारात्मक असर दिखा। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि इस अध्ययन ने ओसीपी के संभावित प्रभाव को लेकर सवाल खड़े किए हैं कि इसका असर सामाजिकता और अंतरंग संबंधों पर पड़ सकता है। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि जन्म नियंत्रण के अलावा हार्मोन से संबंधी गर्भनिरोधक गोलियां मुंहासे, भारी माहवारी एवं एंडोमेट्रिओसिस को नियंत्रित करने में मददगार हो सकती हैं। साथ ही इनसे गर्भाशय और पाचन तंत्र के निचले भाग पर स्थित कोलन के कैंसर का खतरा कम हो सकता है। एंडोमेट्रिओसिस, महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन के कारण होने वाली ऐसी बीमारी है, जो दर्द, अनियमित मासिक धर्म के साथ बांझपन जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर आती हैं।इसका नकारात्मक प्रभाव यह है इन दवाइयों से स्तन और सर्वाइकल कैंसर, खून के थक्के बनना और उच्च रक्तचाप का खतरा मामूली रूप से बढ़ सकता है।दुनिया भर में 10 करोड़ महिलाएं गर्भनिरोधक गोलियों का इस्तेमाल करती हैं लेकिन इससे उनकी भावनाओं, बोध तथा व्यवहार पर पड़ने वाले असर के बारे में बहुत कम जानकारी है।इन परिणामों में यह सुझाया गया है कि गर्भनिरोधक गोलियां लेने वाली महिलाओं में अन्य के भावनात्मक हाव-भावों की पहचान करने की क्षमता प्रभावित होती है।

## दूसरों की इन वस्तुओं का उपयोग कभी न करें



अगर आपको भी दूसरों की चीजें मांग कर इस्तेमाल करने की आदत है तो इसे छोड़ दें। यह आपके लिए मुसीबत और बदकिस्मती ला सकती हैं। इसका कारण नकारात्मक ऊर्जा होती है। दूसरों की कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिनका अगर आप उपयोग करते हैं तो उनकी नकारात्मक ऊर्जा आप तक पहुंच जाती है। इसलिए इनके प्रयोग से बचने की सलाह दी जाती है।

**घड़ी:** कहा जाता है कि दूसरों की घड़ी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। घड़ी को व्यक्ति के जीवन के समय से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए माना जाता है कि दूसरे की पहनी घड़ी को पहनने से उसका बुरा समय आपके साथ शुरू हो सकता है।

**कपड़े:** किसी के पहने हुए कपड़े पहनने से दुर्भाग्य आता है। इसलिए किसी के पहने कपड़ों को पहनने से बचना चाहिए। इससे उनकी नकारात्मक ऊर्जा भी आती है।

**अंगूठी:** बात सिर्फ रत्नों वाली अंगूठी की ही नहीं है किसी भी धातु की अंगूठी अगर आप दूसरों से अदल-बदल कर पहनते हैं तो अपने लिए मुश्किलों को खड़ा कर रहे हैं।

**चप्पल:** अक्सर किसी की पहनी हुई चप्पल या जूते भी हम पहन लेते हैं यह आदत आपको दरिद्रता का शिकार बना सकती है। कहा जाता है कि अगर आप किसी और की चप्पल पहनते हैं तो उसके संघर्ष अपने ऊपर ले लेते हैं।

**कंघा:** यह बात सेहत के लिहाज से तो कही ही जाती है लेकिन किस्मत की दृष्टि से भी कंघे का इस्तेमाल गलत है। ना सिर्फ कंघे बल्कि जो भी सामग्री सिर से संबंधित है वह शेयर नहीं करना चाहिए।

**पेन:** किसी के पेन या पेंसिल अगर आप लेतें है तो उसे वापस लौटाएं। ऐसा नहीं करने पर आपको आर्थिक और करियर में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# गर्मियों में ऐसे करें मेकअप





गर्मी के मौसम में मेकअप करना आसान नहीं होता। इस मौसम की तपती धूप त्वचा को झुलसा देती है, तो दूसरी तरफ पसीने से मेकअप को बहते देर नहीं लगती। जिस तरह फैशन ट्रेंड मौसम के अनुसार बदलता रहता है, ठीक उसी तरह मेकअप भी हर सीज़न में बदल जाता है। अच्छा होगा कि आप गर्मियों में सामान्य और हल्का मेकअप ही करें। इससे मेकअप को बार-बार ठीक करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहे, तो मेकअप करते समय कुछ बातों का खास ध्यान रखें।

### मेकअप बेस : मेकअप की शुरुआत बेस से की जानी चाहिए

**कंसीलर-** गर्मी में फाउंडेशन आपके चेहरे को थोड़ा हेवी दिखा सकता है। इसलिये फाउंडेशन से बचिये और कंसीलर को प्रयोग करिये। यह चेहरे से दाग-धब्बों को मिटाता है और बेदाग खूबसूरती को सामने लाता है। अगर सिंपल दिखना है, तो लिक्विड कंसीलर का उपयोग करें।

- **ध्यान रखें-** चेहरे पर कंसीलर या फाउंडेशन किसी ठंडी जगह पर खड़ी होकर लगायेंरें। इससे मेकअप करते समय पसीना नहीं आयेगा और कंसीलर सही तरह से लग जायेगा।
- **कॉम्पेक्ट:** कंसीलर लगाने के बाद नाक, चिन और जॉ लाइंस के आसपास की त्वचा पर डस्ट कॉम्पेक्ट लगाएं। कॉम्पेक्ट लगाते समय त्वचा को हल्का-सा स्ट्रेच कर लें। इससे कॉम्पेक्ट पूरे चेहरे पर अच्छे से लग जाएगा।
- **ध्यान रखें:** चेहरे पर पाउडर वाला ब्लशर लगाएं। क्रीमयुक्त ब्लशर लगाने से पसीना जल्दी आ जाता है।
- **ब्लशऑन:** गर्मियों में पावडर ब्लशर का प्रयोग करें। ब्लशर अपनी स्किन के अनुसार गुलाबी या लाइट ब्राउन कलर का लगाएँ। लाइट समर लुक के लिए मेकअप को बिल्कुल सिंपल रखें। सिर्फ अपने ऊपर के गालों पर ब्लश लगाएं।
- **ध्यान रखें:** गर्मियों में गहरे रंग का प्रयोग न करें।
- **लिपस्टिक:** होंठों को लिप लाइनर से आकार देकर मैट लिपस्टिक लगाएँ। फिर इसके ऊपर लिप सीलर लगाएँ। हल्के और खुले रंग इन दिनों काफी अच्छे लगेंगे। गर्मियों में होंठों से लिपस्टिक बहुत जल्दी उतर हो जाती है। इसे देर तक टिकाए रखने के लिए आप होठों पर प्राइमर का इस्तेमाल कर सकती हैं।
- **ध्यान रखें:** गर्मियों के मौसम में लिप ग्लॉस न लगाएँ, क्योंकि यह टिकाऊ नहीं होते। होंठों पर लिपस्टिक लंबे समय तक टिकी रहे, इसके लिए पहले होंठ पर हल्का फाउंडेशन लगाएं। उसके बाद लिपस्टिक का एक कोट लगाएं।
- **काजल:** अगर आप हल्का मेकअप कर रहीं हैं, तो उस हिसाब से हल्का काजल ही लगाएं। अगर रात में कही जा रही हों तो उस समय आंखों को हाइलाइट करने के लिए गाढ़ा काजल लगाये। अगर आप चाहती हैं कि आपका आईलाइनर व आईशैडो लंबे समय तक आंखों पर टिके रहें, तो इसके लिए आप वैक्सी आईशैडो प्राइमर का उपयोग कर सकती हैं।
- **ध्यान रखें:** काजल लगाने से पहले आंखों के नीचे कॉम्पेक्ट पाउडर लगाए, और फिर काजल लगाएं। इससे काजल फैलेगा नहीं। आंखों में लिक्विड आइलाइनर का प्रयोग ना करें।
- **बिंदी:** हाथ से बनाई गई बिंदी की जगह स्टिक बिंदी लगाएँ, जो पसीने से फैलती नहीं है।
- **टचअप:** इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आपने किस तरह का मेकअप किया है। लेकिन आप जब भी मेकअप करें, तो उसका टचअप जरूरी है। इससे आपका मेकअप खराब नहीं होगा।
- **ध्यान रखें:** अपने बैग में मेकअप किट जरूर रखें।
- **इन बातों का भी ध्यान रखें:** मेकअप लगाने से पहले चेहरे को ठंडे पानी से धोएं।

### होंठों की खूबसूरती ऐसे निखारें

- सुंदरता को निखारने मे होंठ अहम होते हैं पर अगर होंठ, फटे, खुरदरे होते हैं तो आप अच्छा अहसास नहीं करती है। ऐसे में कुछ उपाय कर आप अपने होंठों को भी खूबसूरत बना सकती हैं।
- आप प्रतिदिन कच्चे दूध का फेन लगाएं। होंठ कभी नहीं सूखेंगे, चमक बनी रहेगी।
- शुद्ध घी, मलाई या ग्लिसरीन की हल्की मालिश भी होंठों पर करें। टमाटर, नींबू एवं ग्लिसरीन रस का मिश्रण समान मात्रा में लगाने से होंठ नरम रहते हैं।
- यदि होंठ खुरदरे हों तो शहद एवं दूध लगाना चाहिए।
- प्रातः काल में पड़ी ओस की बूंदें लगाने से भी होंठ नरम रहते हैं।
- चंदन पीस कर मलाई में मिलाकर लगाने से होंठ मुलायम रहते हैं।
- फटे होंठ, बेबी आयल या पेट्रोलियम जेली के प्रयोग से ठीक हो जाते हैं।
- वहीं यदि आप के होंठ काले हों तो मलाई में नींबू रस की कुछ बूदें मिलाकर लगायें या नींबू का छिलका धीरे-धीरे रगड़ें। कुछ दिनों में होंठ साफ हो जाएंगे।
- होंठों की लाली कायम रखने के लिए गुलाब की पंखुड़ियों को मसलकर, शहद या मक्खन में मिलाकर लगाना चाहिए।
- बाजार में अनेक प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन उपलब्ध हैं, परन्तु यह ध्यान रहे कि उत्तम गुणवत्ता के ही प्रसाधन खरीदें अन्यथा उसमें मिलाये गये रसायन होंठों को और भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- होंठों को रंगने बाजार में रोज नये-नये कास्मेटिक्स आ रहे हैं जिन पर पानी का असर नहीं होता-जैसे लिप कंटूर, जो कई शेड में आते हैं - रोज एस्पेड, रोज नेचुरल, रूज क्लासिक और ब्रून मस्केड इस्तेमाल कर सकती हैं।
- यदि आपने जरा सी सावधानी रखी तो आप के होंठ सदैव कोमल एवं आकर्षक रहेंगे तथा चेहरे की सुंदरता में और भी निखार आ जाएगा।

### लिपस्टिक लाएगी बदलाव

- होंठों पर लगी लिपस्टिक व्यक्तित्व में काफी परिवर्तन ला देती है। पार्टी में जाते समय, अपने रंग-रूप, पहनावे तथा मूड के हिसाब से मैचिंग लिपस्टिक ही लगायें। दिन में हल्के एवं रात में गाढ़े रंग की लिपस्टिक लगानी चाहिए। अगर काम पर जाना हो तो प्रसाधन प्रयोग करते समय विशेष ध्यान देना चाहिए।
- यदि आप निम्न बातों का ध्यान रखती हैं तो अपनी प्रतिष्ठा सदैव कायम रख सकती हैं।
- **इन बातों का रखें ध्यान:** सोते समय सदैव लिपस्टिक साफ कर लें नहीं तो होंठों की चमक को नुकसान पहुंच सकता है।
- सुपारी या पान का सेवन कम से कम करें।

- गर्मियों में वॉटरप्रूफ मेकअप का ही प्रयोग करें। ताकि मेकअप टिका रहें।
- **ऑयल ऑब्जर्व पैड यूज करें:** चेहरे के टी-जोन में सबसे ज्यादा पसीना आता है। इसलिए जरूरी है कि आप ऑयल सोखने वाले पैड यूज करें। इससे आपका चेहरा फ्रेश दिखेगा।
- **ऑयली फ्री व एसपीएफ लोशन:** गर्मियों में आप ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर एवं एसपीएफ वाला लोशन यूज करें। यह बिल्कुल सनस्क्रीन क्रीम की तरह होता है, जो आपको धूप से बचाता है और बॉडी से ऑयल भी कम निकलने देता है।
- हैवी मेकअप न करें
- सनस्क्रीन लोशॅन लगा कर बाहर निकले।
- डियो और टेलकम पॉउडर को भी अपने मेकअप में शामिल करें।
- सोने से पहले मेकअप उतारना बिल्कुल ना भूलें। मेकअप उतारने के लिए एल्कोहल फ्री मेकअप रिमूवर का ही इस्तेमाल करें।

## गर्भावस्था में बदलावों के दौरान इस प्रकार रहें फिट

गर्भवती महिलाओं के शरीर में बहुत सारे बदलाव आते हैं जिसके चलते तनाव हो जाना आम बात है। कामकाजी महिलाओं को ये तनाव ज़्यादा झेलती हैं। इसके अलावा, कई महिलाओं को लेबर पेन और डिलीवरी से जुड़ी अन्य बातों को सोचकर भी तनाव हो जाता है जबकि कोई और समस्या हो या न हो, ये तनाव ज़रूर ऐसे में अपने आप में एक बड़ी समस्या है। इससे आपके अपने और बच्चे के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। इसलिए ये ज़रूरी है कि आपको इस बात की जानकारी हो कि ऐसे में होने वाले तनाव को कैसे नियंत्रित करना है।

गर्भावस्था में होने वाले तनाव से बचने का सबसे आसान और सुरक्षित तरीका है ध्यान। 10 मिनट निकालकर ध्यान करें। ऐसा रोज़ करें, ताकि आप अपना तनाव धीरे-धीरे कम करती जाएं। कई अध्ययनों में भी ये बातें सामने आई हैं कि जो महिलाएं गर्भावस्था में उचित देखभाल के साथ-साथ माइंड-बॉडी थैरेपी




जैसे योग व ध्यान करती हैं, उन्हें कम दर्द होता है, डिलिवरी के दौरान कम दवाओं की ज़रूरत पढ़ती है और वो जल्दी उबर जाती हैं।

जब आप ध्यान करें तो सामान्य रूप से सांस लेती रहें। जब आप ध्यान लगाने की कोशिश करें तो ध्यान भटकाने वाली चीज़ों से बचें। मन के अंदर सकारात्मक विचार आने दें। गर्भावस्था के दौरान मेडिटेशन को अपनी आदत बना लें, इससे आपको ज्यादा से ज्यादा फायदे मिल पाएंगे।

**फॉलिक एसिड से बढ़ सकती है एलर्जी:** गर्भावस्था के बाद के चरणों में फॉलिक एसिड के सेवन से इंट्रायूटेरिन ग्रोथ रेस्ट्रिक्शन (आईयूजीआर) से प्रभावित बच्चों में एलर्जी के खतरे बढ़ सकते हैं। एक नए अध्ययन में इन खतरों के प्रति आगाह किया गया है। फॉलिक एसिड विटामिन बी का एक प्रकार है जो विकसित हो रहे भ्रूण के तंत्रिका ट्यूब में होने वाले दोषों को रोकता है। तंत्रिका ट्यूब गर्भावस्था के पहले महीने में विकसित हो जाता है। यही कारण है कि महिलाओं को गर्भावस्था की पहली तिमाही में फॉलिक एसिड लेने की सलाह देते हैं।

# काजल से हो सकता है नुकसान



खूबसूरती निखारने के लिए महिलाएं आमतौर पर काजल का प्रयोग करती हैं पर क्या आप जानती हैं ये काजल से भरी आखों की चाहत ही आपकी आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। यह सही है कि इससे आंखें बहुत ही खूबसूरत लगती हैं पर यह सेहत के लिए अच्छा नहीं है। डॉक्टरों का मानना है कि हद से ज्यादा आंखों का मेकअप आपकी आंखों की रोशनी को प्रभावित कर सकता है।

एक अध्ययन के मुताबिक, ज्यादा मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं में से 40 प्रतिशत को आंखों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। काजल का आंखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है क्योंकि, आंखों के ऑयल ग्लैंड्स को ब्लॉक कर देता है। काजल या फिर आई लाइनर हमारे मेबोमियन ग्लैंड्स को ब्लॉक कर देता है। जिससे आईलिड यानी पलकों पर गांठें बन जाती हैं।

हालांकि इनकी वजह से दर्द नहीं होता लेकिन यह हमारे विजन यानी देखने की क्षमता को प्रभावित करती हैं। मेबोमियन ग्लैंड डिसफंक्शन को ड्राई आई सिंड्रोम के नाम से भी जाना जाता है। अगर इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता तो स्थिति अधिक गंभीर हो सकती है। इससे ब्लेफरिटिस यानी धुंधला दिखने की समस्या हो सकती है। मेबोमियन ग्लैंड डिसफंक्शन या एमजीडी के मामलों की वजह अभी तक बढ़ती उम्र को माना जाता रहा है लेकिन अब ऐसा नहीं है और अब यह समस्या कम उम्र की महिलाओं को भी हो रही है। डॉक्टरों के मुताबिक, आईलाइनर और आंखों पर किया जाने वाला दूसरा कोई भी मेकअप मेबोमियन ग्लैंड्स को ब्लॉक कर देता है। ग्लैंड्स के ब्लॉक हो जाने पर ये ऑयल पैदा नहीं कर पातीं। कभी-कभी ऑयल गाढ़ा हो जाता जिससे गठान बन जाती हैं। एमजीडी ड्राई आई सिंड्रोम, ब्लेफैरिटिस और आंखों की रोशनी चले जाने समस्याओं की मुख्य वजह है। आंखों में ऐसे 40 ग्लैंड मौजूद होते हैं, जो ऑयल पैदा करते हैं, यही ऑयल आंसुओं के रूप में हमारी आंखों से निकलता है और नमी को बनाए रखता है। आईलाइनर और मस्कारा जैसे प्रोडक्ट्स में पाराबेन और यलो वैक्स का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे ये वाटरप्रूफ रहें। यही केमिकल्स ऑयल को भी ब्लॉक करते हैं और एमजीडी की वजह बनते हैं।

## एलोवेरा से ठीक होती हैं फटी एड़ियां

कई लोगों को फटी एड़ियों की समस्या होता है। त्वचा के रूखेपन के कारण एड़ियां फट जाती है। एड़ी के फटने से दर्द भी होता है। इस वजह से कई बार चलने में भी परेशानी होती है। इस समस्या से राहत पाने के लिए प्राकृतिक उपायों की सहायता ले सकते हैं। ये उपाय आपकी एड़ियों की त्वचा को मुलायम रखने में मदद करते हैं, साथ ही फटी एड़ियों के कारण होने वाली परेशानी को भी कम करते हैं। आइए जानते हैं कौन से उपाय की मदद से आप अपनी इस समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं।



### उपायः

एलोवेरा जेल, पेट्रोलियम जेली, विटामिन ई कैप्सूल और नारियल तेल की मदद से आप अपनी फटी एड़ी की समस्या को कम कर सकते हैं। इन चीजों में मौजूद पोषक तत्व त्वचा को पोषण प्रदान करते हैं और एड़ियों को मुलायम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा इस उपाय को करने से आपकी त्वचा को किसी प्रकार का कोई नुकसान भी नहीं होगा।

### जरुरी सामग्रीः

1 चम्मच पेट्रोलियम जेली
1 चम्मच नारियल तेल
आधा चम्मच एलोवेरा जेल
विटामिन ई कैप्सूल

इस प्रकार बनायें :
सबसे पहले एक कटोरी में इन सभी चीजों को लें और अच्छी तरह मिला लें। इसके बाद इस मिश्रण को एड़ियों पर अच्छी तरह लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। अब हल्के गुनगुने पानी से धो लें। धोने के बाद तैलिए से पोंछ लें और फिर मॉइश्चराइजर लगा लें। बेहतर परिणाम के लिए सप्ताह में दो से तीन दिन इस पेस्ट का इस्तेमाल करें।

### एलोवेरा जेल, विटामिन ई कैप्सूल, नारियल तेल और पेट्रोलियम जेली के फायदेंः

एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन होता है जो फटी एड़ियों के लिए अच्छा होता है। विटामिन ई कैप्सून स्किन के लिए अच्छा होता है। इसके अलावा नारियल तेल और पेट्रोलियम जेली भी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।




# भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान दुनिया में खुशहाली के लिए संगम की रेत पर चल रहा पागल बाबा का अनोखा तप

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** बुधवार से शहर के गंज स्थित राठौर पार्क में जारी राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा निर्मित श्रीराम जानकी मंदिर में श्री राम दरबार एवं श्री शिव परविार की प्राण-प्रतिष्ठा के महोत्सव में जिले भर में अपनी तप की साधना के लिए प्रसिद्ध पागल बाबा खुशहाली और शांति के लिए विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। नंगे बदन तपती धूप में रेत पर बैठ कर धूनी रमाए अपना शरीर तपा रहे हैं। उनकी इस साधना और तप का एक ही मकसद है। क्षेत्र में सुख-समृद्धि का वास रहे। इस मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं को उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम की धून में रमने पर आपके सभी संकल्प पूर्ण होगे।

कार्यक्रम के अध्यक्ष समाजसेवी रुद्रप्रकाश राठौर ने बताया कि बुधवार से आरंभ हुए भव्य महोत्सव के प्रथम दिवस प्रातःकाल जोड़ों के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा राठौर समाज के पुरोहित के द्वारा विप्रजनों के द्वारा विशेष वेद मंत्रों के द्वारा हेमाद्रि प्रायश्चित संकल्प का आयोजन किया गया था। वहीं सुबह पार्क के भव्य मैदान पर तपती धूप में सूर्य की पहली किरण के साथ ही पागल बाबा ने तप आरंभ कर दिया। सीता-राम की मधुर धून के साथ ही भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा था। पागल बाबा ने यहां पर आए श्रद्धालुओं को बताया कि राम नाम जपने वाला बहुत निडर हो जाता है। वह अन्याय नहीं करता और अन्याय करने वालों से डरता भी नहीं है। राम नाम जपने वाला हानि व लाभ से भी निर्भय रहता है। यह तभी होता है, जब राम नाम का जाप भक्ति भावना से भरपूर होकर किया जाए। उन्होंने कहा कि भावना से राम सिमरन करने वाला बड़ा कोमल हो जाता है। फूल की भांति उसके मस्तक में खिलावट आ जाती है। माता-पिता, देश और समाज की निष्काम सेवा का भाव भावना सहित राम नाम जपने से आता है। अपने जप-तप करने का अभिमान कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि किसी को दान देने की और अपनी की हुई सेवा की चर्चा करना अहंकार का अंश ओछापन अभिमान होता है। जैसे हाथी सुई के छिद्र से पार नहीं पा सकता, ऐसे ही अभिमान भरा मनुष्य भक्ति द्वार को लांघ नहीं सकता। अपने धन का, कीर्ति का, ज्ञान का व बुद्धि का भगवान श्रीराम




के आगे समर्पण करें। अपने गौरव, अभिमान आदि को मारकर ही श्री राम के मार्ग पर बढ़ पाएंगे। समर्पण के बाद ही श्री राम की कृपा मिलती है। आध्यात्मिक जगत में तो समर्पण बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राठौर समाज के द्वारा भव्य निर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य शुभारंभ किया गया है। यह सभी के कल्याण के लिए।

### भव्य कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

वहीं बुधवार की शाम को शहर के गंज से राठौर समाज के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। गुरूवार को मण्डल देवता आव्हान, स्थापन, पूजन देवपूजन एवं अग्नि स्थापन एवं एवं समस्त विग्रह का जलादिवास, शुक्रवार को देवपूजन एवं अग्रि स्थापना एवं विग्रह का अन्नादिवास होगा। शनिवार को देवपूजन एवं विग्रह पत्रपुष्प फलादिवास किया जाएगा। रविवार को देवपूजन एवं विग्रह का मिष्ठान,घृत शकररादिवास किया जाएगा। सोमवार को देवपूजन एवं विग्रह का हिरण्यद्रव्य महास्नान शैयादिवास किया जाएगा। मंगलवार को देवपूजन एवं पूर्णाहुति विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा महाआरती की जाएगी।

### हजारों की संख्या में श्रद्धालु रहेंगे उपस्थित

कार्यक्रम अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि यज्ञ आचार्य पंडित महादेव शर्मा के सानिध्य में और श्री श्री 1008 पागल बाबा के आशीर्वाद से महा आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर क्षत्रिय राठौर समाज के द्वारा ते 23 समितियों का गठन किया गया है प्रत्येक समिति में 50 सदस्यों को शामिल किया गया है। महा आयोजन में देशभर से 10, हजार से अधिक राठौर समाज जन सम्मिलित होंगे। नव कुंडीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 189 यजवानों के द्वारा यज्ञ मैं आहुतियां दी जाएंगी। प्रतिदिन 27 जोड़े यज्ञशाला में बैठेंगे। प्राण प्रतिष्ठा महा आयोजन में शहर के सभी संत और ब्राह्मण जन श्रीमद् भागवत कथा श्री राम कथा वाचक सम्मिलित होंगे।

## एसडीएम राजीव समाधियां व नगर पालिका सीएमओ रामनिवास शर्मा ने किया शुभारंभ रोटरी क्लब द्वारा स्थापित जल पियाऊ का

**गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजली टुडे**

**अंबाह।** अंबाह नगर के पोरसा चौराहा पर रोटरी क्लब द्वारा स्थापित शीतल जल पियाऊ का शुभारंभ एस डी एम श्री राजीव समाधियां और नगर पालिका





सी एम ओ श्री रामनिवास शर्मा जी ने किया जिसमें नगर के रोटरी क्लब अंबाह के अध्यक्ष अंकित मिश्रा,सचिव श्री बिंदुसार सिंह तोमर एवं सहयोगी श्री ब्रजकिशोर सखवार,अमरतांशू शर्मा,अनिल शर्मा और अन्य सहयोगी गण उपस्थित थे एस डी एम राजीव समाधियां का कहना है कि इस प्रकार के कार्यों मैं नगर के सभी लोगों को बड़चड़ कर सहायता करनी चाहिए जिससे जनमानस को प्रेरित किया जा सके सी एम ओ श्री रामनिवास शर्मा ने बताया कि जनमानस के लिया सेवार्थ भाव के कार्यों के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा

### रोटरी क्लब अंबाह द्वारा अंबाह मैं

जनमानस के लिए नगर मैं सहयोगी कार्य कराए जाते हैराहगीरों को ध्यान में रखकर रोटरी गया सिटी द्वारा यह प्याऊ स्थापित की गई जिससे यहां से गुजरने वाले हजारों लोगों को प्रतिदिन पीने का पानी सरल सहल उपलब्ध हो सकेगा।

### श्रीपरशुराम जन्मोत्सव पर पूजन एवं संतों सहित वरिष्ठ समाजसेवियो का सम्मान।

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**




**ग्वालियर।** श्री भृगु भार्गव ब्राह्मण समाज जिला ग्वालियर के जिला अध्यक्ष अरुण शर्मा ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष की भांति 3 मई 2022 को भृगु भवन जिंसी नाला नंबर दो, गुब्बारा फाटक लश्कर ग्वालियर पर प्रात 7-00 बजे से भगवान श्री परशुराम जी का अभिषेक एवं पूजन कर पूज्य संतजनों एवं विप्र समाज के वरिष्ठ जनों के उदबोधन सहित सम्मान समारोह आयोजित कर प्रसादी वितरण किया जाएगा।

## हाट बाजार मैं पशुओं के साथ हो रही क्रूरता और अत्याचार क्षमता से अधिक हो रहा अवैध परिवहन अंबाह प्रशासक होते हुए भी मौन सुनवाई नहीं जांच होनी जरूरी

**गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजली टुडे**

**अंबाह।** अंबाह मैं लगने वाली हाट मैं चाहे वह बुधवार हो या गुरु बार को पशुओं को लाया जाता है व ले जाया जाता है जिसमें पशुओं की न तो स्वास्थ परिक्षण होता है न ही गर्भधारण की जांच कराई जाती है इसके बाद भी और अपराध होता है जिसमें पशुओं को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाने के विषय मैं क्रूरता व अत्याचार होता है एक ही वाहन मैं क्षमता से अधिक चार पांच पशुओं को ले जाया जाता है आगे इस प्रकार है कि पशुओं को असुविधा में रखकर, दर्द पहुंचाकर या परेशान करते हुए किसी भी गाड़ी में एक जगह से दूसरी जगह ले जाना मोटर व्हीकल एक्ट और पीसीए एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है.बीमार और गर्भ धारण



कर चुके पशुओं को मारा नहीं जाएगा. प्रिवेंशन ऑफ क्रूएलिटी ऑन एनिमल्स एक्ट और फूड सेफ्टी रेगुलेशन में इस बात पर स्पष्ट नियम हैं.पशू क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के अन्तर्गत विनिर्मित पशु परिवहन नियम 1978 में निहित प्रावधानों की पालना परिवहन विभाग द्वारा सुनिश्चित किया गया है जिसके तहत पशु परिवहन के लिए विशेष फिटिंग वाला वाहन होगा, जिसमें पशुओं को चढ़ाने उतारने के लिए पिछला पटिया विशेष प्रकार से निर्मित होगा ताकि पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हों, साथ ही वाहन के फर्श को फिसलन रहित रखे जाने के लिए टाट पट्टियां या लकड़ी के फर्श का उपयोग करना होगा। इसी क्रम में सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जी.एस.आर.546 (अ) द्वारा जारी केंद्रीय मोटरयान नियम (संशोधन) नियम 2015 के नियम 125 (ई) अनुसार पशुधन का परिवहन करने वाले मोटरयानों में पशुओं के लिए मोटरयान मैं जगह का आकार भी निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार गाय और भैंस के लिए 2 वर्ग मीटर प्रति पशु बताई गई है।

## एस एम ए सीनियर मेंबर एसोसिएशन की विचार विमर्श बैठक सम्पन्न




**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**-आज होटल पीएस में एस एम ए सीनियर मेंबर एसोसिएशन की मीटिंग का आयोजन किया गया जिस में चेयरमैन जेसी श्री साकेत गुप्ता जी एस एम ए सचिव जेसी श्री राहुल श्रीवास्तव जी डायरेक्टर जेसी प्रियंका शिवहरे उपस्थित रहे इस मीटिंग में आगामी होने वाले शिवपुरी में प्रोग्राम को निर्धारित किया गया और यूएन पर विचार विमर्श किया गया यह मीटिंग में शिवपुरी के सभी जेसी ग्रुप के प्रेसिडेंट सेकेट्री और सीनियर मेंबर उपस्थित रहे इसके अलावा कुछ न्यू एस एम ए मेंबर भी आए और उन्होंने एस एम ए के बारे में पूरी जानकारी ली न्यू मेंबर्स ने एस एम एस को ज्वाइन किया और जिस में चेयरमैन साकेत जी गुप्ता ने ने जानकारी देते हुए कहा कि हम शिवपुरी में कैसे बाहर के लोगों को बुलाकर यहां पर मेडिकल से जुड़ी या कोई भी टेक्नोलॉजी से जुड़ीमीटिंग का आयोजन शिवपुरी में कैसे कर सकते हैं इस बारे में जानकारी दी ।

## कार्यकर्ता पार्टी की जनकल्याण कारी योजनाओं का प्रचार प्रसार बूथ स्तर तक करेः राजोरिया

**संतोष सिंह भदौरिया पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी एबम सोनी की संयुक्त बैठक नगर के थाना रोड स्थित थापक भवन पर आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया एवं विषेष अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाह विधायक प्रतिनिधि डॉ भारत सिंह भदौरिया जिला मंत्री राजकुमार जैन सोनी मंडल अध्यक्ष जेल सिंह नरवरिया पूर्व मंडल अध्यक्ष रमन सिंह भदौरिया जिला शोसल मीडिया प्रभारी मोनू नरवरिया मौजूद थे।अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अपने स्वागत भाषण में मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा की भारतीय जनता पार्टी जो जनसंघ के रूप में एक छोटे से पौधे से प्रारंभ हुई थी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर विशाल वटवृक्ष बन गई है इसका पूरा श्रेय पार्टी के एक-एक देव तुल्य कार्यकर्ताओं का है आज भारत ही नहीं पूरे विश्व




देख रहा है कि एक राजनीतिक दल और उसका नेतृत्व किस प्रकार अपने उन संकल्पों को पूरा करने में सफल सिद्ध हुआ है जिन्हें पूरा करना असंभव सा लगता था अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उसने भारत मैं अपने पुराने स्वाभिमान को भी वापस हासिल किया है कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज संकल्प सिद्धि की पर्याय बन गई है पार्टी हमेशा अपने मूल्यों सिद्धांतों पर अडिग रही ।भाजपा आज जन कल्याण का पर्याय बन चुकी है देश की जनता ने भाजपा को आत्मसात किया है आमजन बुद्धिजीवी वर्ग आज भाजपा से जुड़ रहे हैं भाजपा के विकास के संकल्पों से लोग स्वयं को जोड़ पा रहे हैं लेकिन यह कोई एक दिन की बात नहीं है यहां 40 वर्षों के संघर्ष कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम राष्ट्रवाद के मजबूत संकल्प और जन सेवा के प्रति समर्पण के बल पर यह सब संभव हो सका है। । पार्टी ने बूथ विस्तारक योजना चलाकर अपने संगठन को ओर मजबूत किया है अब हम अपने त्रिदेव यानी बूथ अध्यक्ष महामंत्री एवं बीएलओ का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने जा रहे हैं जिससे पार्टी की रीति नीति एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार हमारे कार्यकर्ता पोलिंग बूथ तक कर सकें। जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाह ने त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से प्रस्तुत की और कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में हर पोलिंग बूथ की उपस्थिति अनिवार्य रहनी चाहिए ।कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य एवं अंत में आभार प्रगट मंडल अध्यक्ष जेल सिंह नरवरिया ने किया बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीकृष्ण कटारे जयवीर पुरोहित राजेन्द्र गुर्जर सरपंच ऋषिकेश शर्मा शिवराज यादव केदार सैनी दिनेश यादव सोनू भदौरिया शिवराज परमार मोनू शर्मा आदर्श शर्मा बीपी भदौरिया राहुल कटारे आशिष भदौरिया उत्तम शुक्ला सत्यनारायण गुर्जर गोपाली नरवरिया बबलू भदौरिया नाथू पटेल रज्जन भदौरिया शिवम यादव ब्रिज किशोर थापक गब्बर तोमर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कार्यकर्ता पार्टी की जनकल्याण कारी योजनाओं का प्रचार प्रसार बूथ स्तर तक करे: भार्गव

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मौं।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं की बैठक नगर के नर्सिग मंन्दिर पर आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री धर्म सिंह भार्गव एवं विषेष अतिथि के रूप में पार्टी के बरिष्ट एंव पूर्व मंण्डल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर मौजूद थे।अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अपने स्वागत भाषण में मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने कहा की भारतीय जनता पार्टी जो जनसंघ के रूप में एक छोटे से पौधे से प्रारंभ हुई थी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर विशाल वटवृक्ष बन गई है इसका पूरा श्रेय पार्टी के एक-एक देव तुल्य कार्यकर्ताओं का है आज भारत ही नहीं पूरे विश्व देख रहा है कि एक राजनीतिक दल और उसका नेतृत्व



किस प्रकार अपने उन संकल्पों को पूरा करने में सफल सिद्ध हुआ है जिन्हें पूरा करना असंभव सा लगता था अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उसने भारत मैं अपने पुराने स्वाभिमान को भी वापस हासिल किया है कार्यक्रम में



उपस्थित मुख्य अतिथि जिला महामंत्री धर्म सिंह भार्गव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज संकल्प सिद्धि की पर्याय बन गई है पार्टी हमेशा अपने मूल्यों सिद्धांतों पर अडिग रही ।भाजपा आज जन कल्याण का पर्याय बन चुकी है देश की जनता ने भाजपा को आत्मसात किया है आमजन बुद्धिजीवी वर्ग आज भाजपा से जुड़ रहे हैं भाजपा के विकास के संकल्पों से लोग स्वयं को जोड़ पा रहे हैं लेकिन यह कोई एक दिन की बात नहीं है यहां 40 वर्षों के संघर्ष कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम राष्ट्रवाद के मजबूत संकल्प और जन सेवा के प्रति समर्पण के बल पर यह सब संभव हो सका है। । पार्टी ने बूथ विस्तारक योजना चलाकर अपने संगठन को ओर मजबूत किया है अब हम अपने त्रिदेव यानी बूथ अध्यक्ष महामंत्री एवं बीएलओ का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने जा रहे हैं जिससे पार्टी की रीति नीति एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार हमारे कार्यकर्ता पोलिंग बूथ तक कर सके इसी द्वारान कमल सिंह तोमर ने त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से प्रस्तुत की और कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में हर पोलिंग बूथ की उपस्थिति अनिवार्य रहनी चाहिए ।कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री सुल्तान मौर्य एवं अंत में आभार प्रगट मंडल उपाध्यक्ष रामख्तयार गुर्जर ने किया बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता रामजीलाल शर्मा जिला मंत्री फरेन्द सिंह सिकरवार पूर्व मंण्डी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव पंचम जाटव किसान मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष लाखन सिह यादव सनतकुमार चौहान पिं बर्ग मोर्चा के मंण्डल अध्यक्ष हरीराम राठौंर जिला आईटी एंव मंण्डल मिडिया प्रभारी रामू कुशबाह राजेन्द सिंह पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष बिध्याराम जाटव छत्रसाल जाटव मुरारीयादव ब्रजकिशोर परिहार नरेन्द कुशबाह दिलीप कुशबाह पंकज कुशबाह धर्मैंन्द राणा ध्यानेन्द जाटव संतोष यादव अजय झां सोनू खांन रामकेश गुर्जर चंन्दू गोयल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।यह जानकारी मंण्डल महामंत्री राजू मिश्रा ने दी।

**शो में 200 से ज्यादा ऑटोमोबाइल उद्योगों की भागीदारी की उम्मीद**

# प्रदेश का पहला ऑटो शो कल से इंदौर में,350 की रफ्तार से पीथमपुर में दौड़ेंगी सुपर कारें

**इंदौर।** आटोमोबाइल उद्योगों के निवेश को प्रदेश की ओर खींचने के लिए मध्य प्रदेश आटो शो 2022 गुरुवार से इंदौर में शुरू हो रहा है। प्रदेश के इस पहले आटो शो के दौरान हर दिन सुपर कारों की रेस होगी और आयोजन स्थल पर महंगी गाड़ियों की चमक के साथ सराफा चौपाटी के व्यंजनों की महक भी बिखरेगी। शो में 200 से ज्यादा आटोमोबाइल उद्योगों की भागीदारी की उम्मीद की जा रही है। एयरपोर्ट के नजदीक सुपर कारिडोर पर आटो शो के लिए वातानूकुलित डोम तैयार किए गए हैं।



28 अप्रैल को आटो शो का मुख्य उद्घाटन समारोह, गाड़ियों और उद्योगों की प्रदर्शनी का आयोजन यहीं पर होगा। मुख्यमंत्री से लेकर उद्योग मंत्री व उद्योग जगत के बड़े नाम यहां आकर बैठक करेंगे और मप्र की उद्योग नीति व निवेश प्रोत्साहन पर बात होगी। बाहर से आने वाले उद्योगपतियों को प्रदर्शनी स्थल पर ही इंदौर के स्वाद से भी रूबरू करवाया जाएगा। शो की मेजबानी कर रहे मप्र औद्योगिक विकास निगम (एमपीआइडीसी) ने सराफा चौपाटी के दुकानदारों को यहां पर अपने स्टाल लगाने के लिए आमंत्रित किया है।

### यह रहेगा आटो शो का कार्यक्रम

28 अप्रैल: एमपीआइडीसी के कार्यकारी निदेशक रोहन सक्सेना के अनुसार मध्य प्रदेश आटो शो का शुभारंभ गुरुवार को सुबह 11 बजे किया जाएगा। इसके बाद क्रेता-विक्रेता की बैठक तथा आटोमोबाइल उद्योग द्वारा भारत के आर्थिक विकास को गति देने के विषय पर सत्र आयोजित होगा। शाम 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

29 अप्रैल: शो में दूसरे दिन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान समेत उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव व सूक्ष्म-लघु उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा भी शामिल होंगे। प्रदेश की उद्योग नीति व स्टार्टअप पालिसी पर औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला विशेष सत्र लेंगे। डीपीआइआइटी केंद्र सरकार के सचिव अनुराग जैन भी संबोधित करेंगे। सीआइआइ के चेयरमैन सुनील चौरड़िया व अन्य उद्योगपतियों के भी विशेष सत्र होंगे। इसी दिन क्रेता विक्रेता मीटिंग आयोजित की जाएगी तथा ग्रीन मोबिलिटी विषय पर सेमिनार होगा।

30 अप्रैल: तीसरे और अंतिम दिन सुबह रेसिलियंस एंड ग्रोथ आफ आटो एमएसएमई एंड स्टार्टअप्स इन पोस्ट कोविड-19 एरा विषय पर सत्र आयोजित होगा। सीआइआइ मालवा जोन के चेयरमैन सौरभसिंह मेहता, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला व औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव भी संबोधित करेंगे। शाम 6 बजे आटो शो का समापन होगा।

### पीथमपुर में होगी रेस

आटो शो के आयोजन का दूसरा भाग पीथमपुर स्थित नेशनल आटो टेस्टिंग ट्रैक (नेट्रिप) पर होगा। एमपीआइडीसी के अनुसार शो के तीनों दिन यानी 28, 29 और 30 अप्रैल को करोड़ों की कीमत वाली सुपर कारों की नेट्रिप ट्रैक पर रेस होगी। प्रतिदिन सुबह 7 से 11 बजे और शाम 4 से 7 बजे तक रेस का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुपर कारें 350 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार पर दौड़ती नजर आएंगी। कार रेसिंग के इस आयोजन के लिए सुरक्षा से लेकर अग्निशमन और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के भी खास प्रबंध किए गए हैं।

## 5 लाख के गांजे के साथ 3 आरोपियों की पुलिस ने दबोचा

अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

**शिवपुरी**-शिवपुरी कोतवाली थाना क्षेत्र के रातौर की पुलिया से मंगलवार की देर शाम पुलिस ने एक कार से 50 किलो गांजे के साथ चार लोगों को पकड़ा। इनमें एक महिला भी शामिल है। पकड़े गए गांजे की कीमत 5 लाख रुपए बताई जा रही है। सिटी कोतवाली टीआई सुनील खेमरिया ने मुखबिर की सूचना पर टीम के साथ रातौर पुलिया के पास पहुंचे और चेकिंग शुरू की । इसी दौरान एक सफेद रंग की कार सामने से आती दिखी। जिसे रोककर उसमें सवार पवन पुत्र माखन रावत निवासी फतेहपुर, जितेंद्र पुत्र मस्तराम रावत नि. खोरघार सिरसौद, कमला पत्नी सुरेश कुशवाह निवासी फतेहपुर एवं अरुण पुत्रहरीनारायण राठौर निवासी राठौर मोहल्ला छावनी को पकड़ लिया । जब तलाशी ली गई तो इन लोगों के पास से अलग-अलग गांजे की थैलियां मिली हैं, जिसका कुल वजन 50 किलो है। महिला ने बताया मैं तो अपने भाई के लिए लड़की देखने छत्तीसगढ़ से गई थी। मुझे नहीं पता कि इसमें क्या लेकर आ रहे हैं। बताते हैं कि नशे के इस कारोबार का मास्टर माइंड पवन रावत है तथा पहले भी यह लोग इसी तरह गांजा लेकर आए हैं।





## मिठाई के गोदाम में सिलेण्डर फटने से हुआ विस्फोट, दो लोग गंभीर रूप से घायल, ग्वालियर रैफर

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोल मार्केट पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक मिठाई के गोदाम में अचानक सिलेण्डर फटने की तेज आवाज आई, और उसमें जैसे ही आग की लफटें आना शुरू हुई तो तत्काल स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सबसे पहले कोतवाली पुलिस को दी, फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार गोल मार्केट के पास जवाहर कचौड़ी के नाम से प्रख्यात दुकान के संचालक अशोक जैन के गोदाम में मिठाईयाँ बनाने का कारोबार चल रहा था, जिसमें मिठाई बनाने के कारीगर लगे हुये थे, तभी लीकेज सिलेण्डर फट गया, जैसे ही फटा तभी वहाँ मौजूद अशोज जैन का लडक़ा दीपू जैन उम्र करीब 25 वर्ष तथा कारीगर श्यामबाबू निवासी अटेर रोड़ बुरी तरह से जल गये जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद् से जिला चिकित्सालया भेजा गया, जहाँ खबर लिखे जाने तक गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रैफर कर दिया गया है।



**कैबिनेट बैठक में मप्र नगर पालिक विधि संशोधन अध्यादेश को दी गई अनुमति**

# अब मवेशी को सड़क या सार्वजनिक स्थान पर छोड़ा तो एक हजार जुर्माना

**भोपाल।** सड़क या सार्वजनिक स्थान पर किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर या उपेक्षा पूर्वक किसी मवेशी या अन्य पशु को छोड़ा या बांधा जाता है तो संबंधित व्यक्ति से एक हजार रुपये जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में मध्य प्रदेश नगर पालिक विधि (संशोधन) अध्यादेश-2022 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जुर्माना राशि पांच हजार रुपये प्रस्तावित की थी लेकिन मुख्यमंत्री ने इसे एक हजार रुपये रखने के निर्देश दिए।

राज्य सरकार के प्रवक्ता एवं गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि नगरीय निकायों में सार्वजनिक स्थानों पर मवेशी या अन्य पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है। इसके कारण व्यक्तियों को क्षति और संपत्तियों को नुकसान पहुंचता है। यातायात भी बाधित होता है। इसे देखते हुए जुर्माना राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उच्च न्यायालय ने भी विभिन्न याचिकाओं में इससे संबंधित आदेश दिए थे। बैठक में इसके अलावा संत रविदास स्वरोजगार योजना, डा.भीमराव आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना को स्वीकृति दी गई। इन योजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पूर्व में कर चुके हैं।



### कैबिनेट के अन्य निर्णय

- दतिया में मोटर ट्रांसपोर्ट स्कूल की स्थापना होगी।
- प्रधान मुख्य वन संरक्षक के चार पद के निर्माण की स्वीकृति।
- अस्पताल प्रबंधन के लिए उप रजिस्ट्रार, अस्पताल प्रबंधक, सहायक प्रबंधक तथा बायोमेडिकल इंजीनियर के कुल 69 पदों के सृजन की मंजूरी।
- प्रदेश के 42 आइटीआइ में प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के लिए पैनआइटीआइ एलुमनी रीच फार मध्य प्रदेश फाउंडेशन के गठन और बोर्ड आफ गवर्नर्स के गठन की स्वीकृति।
- प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए मध्य प्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास बोर्ड के गठन।
- गेहूं और धान की जगह अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए फसल विविधीकरण योजना को मंजूरी।
- सीधी में 1200 मेगावाट क्षमता की ताप विद्युत परियोजना की जगह अब 300 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना की जाएगी।

### सीएम शिवराज ने मंत्रिमंडल की बैठक से पहले दी यह जानकारी

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिमंडल की बैठक से पहले साथियों को विभिन्न विषयों की जानकारी दी। सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के आगामी कार्यक्रम जैसे महाकाल कारिडोर का लोकार्पण, मध्य प्रदेश की स्टार्टअप पालिसी का लोकार्पण (वर्चुअली), प्रवासी भारतीय सम्मेलन इंदौर में और इन्वेस्टर समिट का आयोजन। उन्होंने अमरकंटक क्षेत्र में नवनिर्माण पर रोक लगाने संबंधी योजना से अवगत कराया। जनजातीय क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन से अवगत कराया।

## कमलनाथ के बकवास वाले बयान का कांग्रेस ने किया समर्थन...कहा- बीजेपी ने लोकतंत्र की हत्या की



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के विधानसभा की कार्यवाही को बकवास बताने वाले बयान पर शोर हो रहा है. बीजेपी एकजुट होकर कमलनाथ पर हमलावर हो गई है तो वहीं अब कांग्रेस उनके समर्थन में उतर आई है. बीजेपी अब उनके खिलाफ विधानसभा में विशेषाधिकार हनन का मामला लाने की तैयारी में है। कमलनाथ के बयान पर संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कमलनाथ का बयान पीड़ादायी है. कमलनाथ को केंद्र, राज्य सरकार का लंबा अनुभव है. कमलनाथ सिर्फ 4 घन्टे कुल औसत समय सदन में रहे हैं. उन्हें लोकतंत्र और देश का अपमान करने में मज़ा आता है. हमारे विधायकों ने इसे गम्भीरता से लिया है. विधानसभा में कमलनाथ के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएंगे. बीजेपी लगातार कमलनाथ पर हमलावर है और बयान बाजी की जा रही है।

### कांग्रेस साथ आयी

कमलनाथ के बयान के समर्थन में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा आ गए. उन्होंने कहा कमलनाथ ने नहीं, बीजेपी ने ही लोकतंत्र की हत्या की है। इसलिए बीजेपी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. कमलनाथ सीनियर लीडर हैं. वे जानते हैं कि लोकसभा और विधानसभा कैसे चलती है. उनका यह कहना है कि बीजेपी विधानसभा नहीं चलाना चाहती है. विधानसभा में विधायकों को जवाब नहीं देंगे तो इसे हम क्या कहेंगे. ये सिर्फ झूठ बोलते हैं. उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया.

### कमलनाथ ने कहा था

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने विधानसभा में अपनी कम उपस्थिति पर उठे सवाल पर कहा था कि यह सही है कि मैंने विधानसभा में कम समय दिया है, क्योंकि मुझे रोज 200 लोगों से मिलना होता है. क्या मैं विधानसभा में BJP की बकवास सुनूंगा।

## आमरण अनशन पर बैठे दो चयनित शिक्षकों की हालत गंभीर, जेपी अस्पताल में कराया भर्ती

**बीते एक माह से डीपीआई के सामने धरना दे रहे ओबीसी चयनित शिक्षक**

**भोपाल।** ओबीसी वर्ग के चयनित शिक्षक करीब एक माह से राजधानी स्थित लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) के बाहर धरने पर बैठे हुए हैं। बुधवार को इनकी मांग को लेकर हाइकोर्ट में सुनवाई थी। इसमें हाईकोर्ट ने यह कहकर तारीख बढ़ाकर 22 जून कर दी कि आगे सरकार खुद अपनी स्वेच्छा से डाटा पेश करे। इस आदेश की वजह से चयनित शिक्षक और परेशान हो गए हैं। उनका कहना है कि हम धरना जारी रखेंगे। इस बारे में चयनित शिक्षक ऋषभ ठाकुर ने बताया कि 25 अप्रैल की सुबह से हमारे कुछ साथी आमरण अनशन पर बैठे हैं। 25 की रात को दो साथियों ब्रजभूषण यादव (टीकमगढ़) और धरम पंवार (बुधनी) की हालत खराब हो गई थी, तो उन्हें जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें ग्लूकोज की बोतलें चढ़ी हुई हैं, लेकिन खाना-पीना अभी भी बंद है। इसमें से एक की हालत ज्यादा खराब है। इन दो साथियों के अलावा अनिल सिंह (रीवा), रामकुमार धाकड़ (ग्वालियर) ,मिथुन धाकड़ (गुना), गौरीशंकर नामदेव (छिंदवाड़ा), आनंद भारती (रीवा) पांच साथी अनशन पर बैठे हैं। हम ये अनुशन तब तक जारी रखेंगे, जब तक हमारी समस्या का हल नहीं निकलता। गर्मी में भी उन्होंने हार नहीं मानी है।

मध्य प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 में 17 हजार पद और जनजातीय कार्य विभाग में दो हजार पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी हुआ था, जिसकी परीक्षा फरवरी 2019 में आयोजित की गई थी। इसमें 15000 पदों पर 27 फीसद आरक्षण के साथ ओबीसी के पदों पर भर्ती की गई थी। चयन प्रक्रिया 10 जनवरी 2020 से जुलाई 2021 तक चली। चयन सूची और प्रतीक्षा सूची में नाम आने के बाद दस्तावेजों का सत्यापन किया गया था। चयन होने के बाद भी ओबीसी उम्मीदवारों की अब तक पदस्थापना सूची जारी नहीं की गई है। उनका कहना है कि वर्तमान में 6500 से ज्यादा पद खाली होने के बाद भी ओबीसी उम्मीदवारों की चयन सूची पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और ना ही पदस्थापना सूची जारी की जा रही है। इसे लेकर दो हजार से ज्यादा ओबीसी उम्मीदवार पदस्थापना को लेकर चिंतित हैं। 21 मार्च से डीपीआइ के सामने ये शिक्षक धरना- प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सड़क पर उतरे संविदा बिजली कर्मचारी, ऊर्जा मंत्री के घर पर बजायी थाली

भोपाल। मध्यप्रदेश में संविदा बिजली कर्मचारी अपने अल्टीमेटम के मुताबिक सड़क पर उतर आए. वो ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह के बंगले पर पहुंचे और थाली बजाकर प्रदर्शन किया. ये कर्मचारी संविदा नीति में संशोधन की मांग कर रहे हैं. मांग पूरी नहीं होने पर 1 मई को कर्मचारी बड़े आंदोलन की रणनीति बनाएंगे. बिजली संविदा कर्मचारियों ने भोपाल के चिनार पार्क में भजन कीर्तन थाली बजाकर प्रदर्शन किया. पिछले 10 महीने से ये कर्मचारी संविदा नीति 2018 में संशोधन की मांग कर रहे हैं. संविदा कर्मचारियों ने मीटिंग के बाद ऊर्जा मंत्री को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया था. मंत्री ने कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए बुलाया. आज फिर से इन्हें आश्वासन मिला. मांग पूरी नहीं होने पर 1 मई को आगामी आंदोलन की रणनीति बनेगी.




## सीरवी समाज वर्तुर वडेर के पदाधिकारीओं ने उधय कुमार का किया बहुमान

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूर** –महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ काँग्रेस नेता उदय कुमार निवर्तमान पार्षद हंगदुर वार्ड जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित समारोह में सीरवी समाज वरतूर के सहसचिव एवम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवासी मोर्चा मांगीलाल बर्फा ने उनके फार्म हाउस में सम्मान कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस मौके पर सीरवी समाज वरतूर के सचिव ज्ञाना राम सातपुरा अध्यक्ष भुण्डाराम राम राठौड़ नवयुग मंडल के सदस्य हरीश बर्फा नारायण गहलोत मुकेश गहलोत रमेश गहलोत चोलाराम पंवार गणेशराम पंवार अन्य उपस्थित रहे।



**प्रदेश के बुनकरों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का अभिनव प्रयास, प्रदेश के चंदेरी, महेश्वरी उत्पादों के साथ रैम्प पर उतरेगी बॉलीवुड सेलिब्रिटी**

# खादी एवं ग्रामोद्योग 29 अप्रैल को मुम्बई में आयोजित करेगा फेशन-शो

**भोपाल।** लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की पारंपरिक हाथकरघा कलाओं को प्रमुखता प्रदान करने की दृष्टि से कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, मुम्बई में 29 अप्रैल 2022 को एक विशिष्ट फेशन-शो आयोजित करेगा। मध्यप्रदेश ऐसा आयोजन करने वाला देश का पहला प्रदेश है, जो राज्य में बने हाथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों के लिए मुम्बई में फेशन-शो आयोजित कर रहा है। फेशन-शो में प्रदेश के फेशन डिजाइनर के उत्पादों के साथ बॉलिवुड के जाने-माने सेलिब्रिटी रेम्प पर उतरेंगे। मध्यप्रदेश की समृद्ध और विविध हाथकरघा धरोहर को प्रदर्शित करने का यह एक प्रभावी मंच रहेगा, जहाँ चंदेरी और महेश्वरी वस्त्र, समकालीन खादी डिज़ाइन्स, पारंपरिक सिल्क साड़ियाँ और बाघ, बाटिक तथा नांदना की देशज प्रिंट्स वाले मनमोहक परिधान तथा होम फर्निशिंग की एक वृहद उत्पाद श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। हाथ की कारीगरी से बने ये सभी उत्पाद सदियों से चली आ रही डाईंग, ट्रीटिंग और ब्लॉक प्रिंट की तकनीक से निर्मित हैं, जिनका ज्ञान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक प्रवाहित होता आया है। इस आयोजन से न केवल मध्यप्रदेश की बुनाई की पारंपरिक धरोहर सामने आएगी, अपितु राज्य के बुनकरों और कारीगरों को विपणन और निर्यात के नवीन अवसर भी मिलेंगे।

मंत्री भार्गव ने बताया कि हम प्रोसेस्ड टेक्सटाइल के स्थान पर वर्षों पुरानी हाथकरघा की तकनीक को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। यह हमारी ÷वोकल फॉर लोकल÷ पहल के अनुरूप है। प्रोसेस्ड फैब्रिक की तरफ घरेलू रूझान के कारण हाथकरघा के बुनकरों ने बहुत नुकसान उठाया है, जो लॉकडाउन के दौरान और बढ़ गया है। हम हाथकरघा को प्रोत्साहन देना चाहते हैं, जिससे इनसे जुड़े परिवार फिर से आत्म-निर्भर हो जायें और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ÷आत्म-निर्भर भारत की पहल के अनुरूप जीवन-यापन कर सकें।

### प्रदेश के डिजाइनर की डिजाइन्स होगी प्रदर्शित

फेशन-शो की ग्रांड ओपनिंग में मध्यप्रदेश के शीर्ष डिजाइनर्स मुमताज़ खॉन, साधना व्यास और फरहत मलिक की डिजाइन्स प्रदर्शित होगी। ग्रांड क्लोजिंग सेलिब्रिटी डिज़ाइनर अर्चना कोचर के फ्यूजन कलेक्शन Malwa Melange के साथ होगी, जो अपनी वैश्विक डिजाइनिंग संवेदनशीलताओं के लिए विख्यात हैं और जिन्हें Galaries Lafayette पेरिस द्वारा उनके विशिष्ट कलेक्शन को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया था।फेशन-शो में एक कियोस्क स्पेस भी होगी, जिसमें मध्यप्रदेश की बुनाई और छापाकला (वीव्स एण्ड प्रिंट्स) बाघ, बाटिक और नांदना (तारापुर और नीमच से) प्रमुखता से प्रदर्शित की जायेगी। राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान (एन.आई.डी.) भोपाल, मध्यप्रदेश के साथ सहभागी होगा।

## पीओएस मशीन से पुलिस करेगी चालान वसूली : एडीजी

### पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के बीच साइन हुआ एमओयू

**भोपाल।** यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं से पीओएस (पाइंट ऑफ सेल) मशीन से चालान वसूली होगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पीटीआरआई जी. जनार्दन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मध्य पीओएस मशीनें प्रदान करने के लिये गत दिवस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। उन्होंने बताया कि इससे चालानी कार्यवाही में गति आयेगी। एक सप्ताह में 4 अन्य बैंकों के साथ भी एमओयू साइन होंगे। एडीजी जनार्दन ने बताया कि बैंकों को मशीनें प्रदान करने के लिये कार्य क्षेत्र आवंटित कर दिये हैं। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को भोपाल संभाग के 4 जिलों के अतिरिक्त पुलिस कमिश्नरेट और सागर संभाग के 6 जिले आवंटित किये हैं। बैंक द्वारा 300 पीओएस मशीनें दी जायेंगी। इसके साथ ही4 अन्य बैंकों द्वारा भी एक सप्ताह में एमओयू साइन किये जाकर 1500 पीओएस मशीनें प्रदान की जायेंगी।

# संक्षिप्त समाचार

## राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार के लिये सिद्धहस्त शिल्पियों से आवेदन माँगे

ग्वालियर। संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। इस सिलसिले में जिले के सिद्धहस्त शिल्पियों से कलाकृतियाँ व आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार के तहत प्रथम पुरस्कार एक लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रूपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रूपए प्रदान किए जायेंगे। इसके अलावा तीन शिल्पियों को प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में 15-15 हजार रूपए का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। इच्छुक शिल्पी अपने आवेदन पत्र ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में स्थित संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम कार्यालय अथवा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय जिला पंचायत में 30 मई तक जमा कर सकते हैं। कलाकृति निर्माण एवं जिला स्तर पर जमा करने की अंतिम तिथि आगामी 30 सितम्बर निश्चित की गई है। प्रभारी अधिकारी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश में निवास करने वाले शिल्पी ही इन पुरस्कारों के लिये पात्र होंगे। शिल्पी का पंजीयन व निवास अनुशंसा करने वाले जिले में ही होना चाहिए। शिल्पी को संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम या कप?ा मंत्रालय अथवा भारत सरकार के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय में पंजीकृत होना आवश्यक है। विस्तृत जानकारी के लिये मेला परिसर स्थित हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## संभागीय बाल भवन में बच्चों के लिये ग्रीष्मकालीन शिविर 2 मई से

ग्वालियर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 129-मयूर मार्केट ठाठीपुर में संचालित संभागीय बाल भवन में 2 मई से 6 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू होगा। नियमित गतिविधियों में प्रशिक्षण लेने के लिये नवीन प्रवेशार्थी बच्चों को मात्र 60 रूपए प्रतिमाह शुल्क देना होगा। सहायक संचालक संभागीय बाल भवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान बच्चों के लिये आत्मरक्षा, नृत्य, मेंहदी, मूर्तिकला एवं साइंस मॉडल की कार्यशाला भी आयोजित होगी। साथ ही नियमित गतिविधियों के तहत चित्रकला, स्कैच, कैनवास पेंटिंग, मधुवनी पेंटिंग व वार्ली पेंटिंग भी सिखाई जायेगी। इसी तरह क्राफ्ट-पेपर फ्लोवर, वॉल हैंगिंग, वाटल आर्ट, वेस्ट मटेरियल से सजावटी सामान तैयार करना, क्ले आर्ट मॉडलिंग व विज्ञान मॉडल प्रोजेक्ट तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसके अलावा गायन-वादन, केसीओ, हार्मोनियम, नाटक, एकल अभिनय इत्यादि गतिविधियाँ भी होंगीं। विस्तृत जानकारी के लिये मयूर मार्केट ठाठीपुर स्थित संभागीय बाल भवन में संपर्क किया जा सकता है।

## विधायक डॉ. सिकरवार के कार्यालय पर संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती मनाई गई




ग्वाल्यिर। संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती आज 16 ग्वाल्यिर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कॉग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के मुख्यआतिथ्य में ल्लित्पुर कॉल्ेनी कार्याल्य पर मनाई गई। इस अवसर पर संत शिरोमणि सेन जी महाराज के चित्र पर डॉ. सिकरवार एवं मौजूद अन्य कॉग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सेन समाज के ल्ेगों ने पुष्पांजल्ी अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि संत सेन महाराज बचपन से ही विनम्र, दयालु और ईश्वर में विश्वास रखते थे। सेन महाराज ने गृहस्थ जीवन के साथ-साथ भक्ति के मार्ग पर चल्कर भारतीय संस्कृति के अनुरूप जनमानस को शिक्षा और उपदेश के माध्यम से एकरूपता में पिरोया। उन्होने कहा कि सेन महाराज एक राजा के यहॉ काम करते थे। उस दौरान भक्तो की मंडल्ी हुआ करती थी। सेन महाराज मंडल्ी में शामिल होकर भक्ति में इतने ल्ीन हो गये कि वह राजा के पास जाना ही भूल गये, कहते है उनकी जगह स्वंय भगवान, राजा के सामने उपस्थित हो गये थे। भगवान ने राजा की इस कदर सेवा की, कि राजा उनसे बहुत प्रसन्न हो गये और राजा की प्रसन्नता की चर्चा पूरे नगर में फेल गई। बृद्धावस्था में सेन जी महाराज काशी चले गये और बहीं कुटिया बनाकर रहने ल्गे और उधर ही ल्ेगो को उपदेश देते रहै। इस अवसर पर सर्वश्री सेन समाज के राजेन्द्र श्रीवास, ल्ाले सविता, कुल्दीप श्रीवास, राकेश श्रीवास, दीपक श्रीवास, राहुल कोटिया, रविराज जी, धमेन्द्र श्रीवास, दीपू श्रीवास, अवधेश कौरव, सुनील रमपुरिया, सुधीर मंडेल्यिा, अंकित कटट्ल आदि कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## क्राईम ब्रांच व थाना मुरार पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

ग्वालियर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* को दिनांक 26.04.2022 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुरार क्षेत्र के लाल टिपारा के पास, कुछ लोग आरसीवी और राजस्थान रॉयल्स के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट पर ऑनलाईन सट्टा खिला रहा है। उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु एसएसपी ग्वालियर ने *अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को पुलिस की टीम को आईपीएल क्रिकेट पर हार-जीत का दाब लगाकर सट्टा खिलवा रहे व्यक्ति पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) के निर्देशों के परिपालन में *सीएसपी मुरार श्री रत्नेश तोमर* एवं *डीएसपी अपराध श्री विजय भदौरिया* के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक दामोदर गुप्ता एवं थाना प्रभारी मुरार निरी. शैलेन्द्र भार्गव के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान लाल टिपारा पर कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को लाल टिपारा पर मुखबिर के बताये अनुसार तीन व्यक्ति ख? दिखे, जो मोबाइल पर लगातार बात कर रहे थे। पुलिस टीम को देखकर मोबाइल पर बात कर रहे तीनों ल?कों ने भागने का प्रयास किया। जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेरकर पक? लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पक? गये तीनों व्यक्तियों के मोबाइल चैक करने पर उसमें वेबसाईट खुली मिली जिसके माध्यम से यह लोग आरसीवी और राजस्थान रॉयल्स के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट पर ऑनलाईन सट्टा खिला रहे थे। पक? गये सटोरियों की तलाशी लेने पर एक के पास से 20 हजार रूपये नगद तथा वीवो कम्पनी का मोबाइल, दूसरे के पास से 70 हजार रूपये नगद एवं ओप्पो कम्पनी का मोबाइल तथा तीसरे सटोरिए के पास से 10 हजार रूपये नगद एवं एक सेमसंग कम्पनी का मोबाइल जप्त किया गया। इस प्रकार तीनों सटोरियों से कुल *01 लाख रूपये नगद* एवं *तीन मोबाइल* जप्त किये गये। पक? गये सटोरियों ने पूछताछ में बताया कि सट्टा खेलने वाले ग्राहकों को वेबसाईट के माध्यम से आईडी बनाकर आईपीएल का ऑनलाईन सट्टा खिलाया जाता है और सट्टा खेलने वाले ग्राहकों को लाईव मैच के कुछ बॉल पीछे का मैच शो होता है।

# भारतीय संस्कृति से स्वयं परिचित हों और सम्पूर्ण विश्व को परिचित कराएँ : सुश्री उषा ठाकुर

## संस्कृति मंत्री सुश्री ठाकुर ने संगीत एवं कला विश्वविद्याल में दिया व्याख्यान




ग्वालियर। हम सब समृद्ध एवं गौरवशाली संस्कृति के प्रतिनिधि हैं। विश्व वर्तमान में जिन परेशानियों से जूझ रहा है उन सबका समाधान हमारे ग्रंथों एवं संस्कृति में पहले से ही उपलब्ध है। विद्यार्थी भारतीय संस्कृति की खूबियों से स्वयं परिचित हों और सारी दुनिया को भी परिचित कराएँ, जिससे भारत विश्व में पुन÷ विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो सके। इस आशय के विचार प्रदेश की संस्कृति, पर्यटन व अध्यात्म विभाग की मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने व्यक्त किए।

मंत्री सुश्री उषा ठाकुर बुधवार को यहाँ राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ÷भारतीय संस्कृति में विविध ललित कलाओं का महत्व÷ विषय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में अपना व्याख्यान दे रही थीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पण्डित साहित्य कुमार नाहर व कुलसचिव श्री दिनेश पाठक, विश्वविद्यालय साधारण सभा व कार्यपरिषद के सदस्य श्री चंद्रपाल सिंह सिकरवार व श्री अतुल अधौलिया, विश्वविद्यालय के आचार्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि समृद्ध भारतीय संस्कृति एवं वैज्ञानिक कसौटी पर खरे उतरने वाले ग्रंथों की वजह से ही सम्पूर्ण विश्व में हमारी पूजा होती थी। इस सच्चाई को सभी के सामने लाने की जरूरत है। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी कालजयी संस्कृति को समझकर अपने वर्तमान को सँवारें। साथ ही पूरे विश्व में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का परचम लहराएँ।

सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र की री? होते हैं। उनका समर्पण ही राष्ट्र का निर्माण करता है। सराहनीय बात है कि तकनीकी दौर में आप सब ने ललित कलाओं को चुना है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता का निर्धारण किसी व्यक्ति की वेशभूषा से अपितु उसके विचारों एवं कार्यशैली से होता है। इसलिए आप सब अपने को सतही नहीं वास्तविक रूप से आधुनिक बनाएँ। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से वैदिक ग्रंथों का अध्ययन करने का आह्वान भी किया।

आरंभ में मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर व्याख्यान सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने कर्णप्रिय सरस्वती वंदना व मनोहारी विश्वविद्यालय के कुलगीत की संगीतमय प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पंडित साहित्य कुमार नाहर ने स्वागत उदबोधन किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से वर्तमान में 123 संगीत एवं कला महाविद्यालय संबद्ध हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

### अपने घर में क्रांतिकारियों के चित्र अवश्य लगाएँ

संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने व्याख्यान सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि क्रांतिकारियों ने देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण के लिये हँसते-हँसते अपना जीवन न्यौछावर कर दिया था। हम सभी का दायित्व है कि अपने घरों में क्रांतिकारियों के चित्र लगाकर उन्हें नमन करें, इससे युवा पी?ी को भी राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा मिलेगी।

### अमूर्त धरोहरों को भी यूनेस्को की सूची में शामिल कराने के प्रयास करें

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन करना सरकार के साथ-साथ हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वैज्ञानिकता पर खरी उतरने वाली भारतीय संस्कृति की अमूर्त धरोहरों को भी विश्व रिकॉर्ड बनाकर यूनेस्को की धरोहर सूची में शामिल कराने के लिये साझा प्रयास करें। उन्होंने खासतौर पर प्राचीन भारतीय ग्रंथों की ऋचाओं की ओर ध्यान आकर्षिक किया। सुश्री उषा ठाकुर ने कार्यक्रम में सप्तशती का सुमधुर गायन भी इस अवसर पर किया।

# शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में आम नागरिकों को पेयजल की आपूर्ति में परेशानी नहीं आना चाहिए

## प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

### शहर विकास के मुद्दों पर प्रभारी मंत्री ने सुबह 7 बजे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से की चर्चा




ग्वालियर। गर्मी के मौसम में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिकों को पेयजल की समस्या नहीं होना चाहिए। नगरीय क्षेत्र में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतों के माध्यम से पेयजल वितरण के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। प्रदेश के जल संसाधन एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए हैं।

नगर निगम के बाल भवन में सुबह 7 बजे शहर विकास के मुद्दे पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह, श्री रामबरन सिंह गुर्जर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री मोहन सिंह राठौर सहित सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि गर्मी के मौसम में आम आदमी को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहरी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पेयजल वितरण व्यवस्था के लिये अमृत परियोजना के तहत तैयार टंकियों के माध्यम से पेयजल वितरण किया जा रहा है। अमृत परियोजना के तहत पेयजल के क्षेत्र में जो कार्य शेष रह गए हैं उसे शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि लोगों को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सके।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में लगे सभी हैण्डपम्पों के संधारण का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। जिला स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम भी गठित किया जाए। कंट्रोल रूम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल से संबंधित समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विभाग की ओर से जहाँ आवश्यक है वहाँ हैण्डपम्प खनन कार्य भी किया जाए। हैण्डपम्प खनन के संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की जाए।

### जल जीवन मिशन के लिये खोदी गई स?कों को ठीक करने का कार्य शीघ्रता से करें

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान कहा कि जिले में जिन ग्राम पंचायतों में काम कराया गया है वहाँ पर खोदी गई स?कों के सुधार का कार्य भी प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाए। मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में हर व्यक्ति को उसके घर पर नल की टोंटी के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का जो कार्य है उसे तत्परता से जिले में किया जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामवासी योजना से लाभान्वित हो सकें।

### सभी तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त करें

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने समीक्षा बैठक में कहा है कि ग्वालियर जिले में जो भी तालाब हैं उनको अतिक्रमण से मुक्त किया जाए। इसके साथ ही तालाबों का गहरीकरण, सौंदर्यीकरण करने के साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण का कार्य भी हाथ में लिया जाए। जलाभिषेक अभियान के तहत जिले में निर्मित किए जा रहे 100 तालाबों का कार्य भी तत्परता से और गुणवत्ता के साथ हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। तालाब निर्माण के कार्यों में जनसहयोग को भी प्रोत्साहित किया जाए।

## पीएम स्वनिधि एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के लक्ष्य पूर्ति के लिए बैठक आयोजित


ग्वालियर। नगर निगम मुख्यालय के सभाकक्ष में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि एवं राष्टीय शहरी आजीविका मिशन के वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु प्राप्त शासन से लक्ष्यों की पूर्ति हेतु समस्त बैंकर्स की बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता एवं सहायक आयुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल द्वारा जिला अग्रणी प्रबंधक समस्त बैंक के शाखा प्रबंधक से समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने हेतु कार्य योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पिछले वित्तीय वर्ष 2021 22 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ ब?ौदा एवं मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के जिला समन्वयकों को सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा की गई। इसी प्रकार सभी जिला समन्वयकों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता सिटीजन फीडबैक हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में श्री वेद सिंह राजपूत, श्री पवन कुमार मिश्र, श्री संदीप राजपूत, सिटी मिशन मैनेजर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अब रह गए सिर्फ 3 दिन शेष, शहरवासी करें सहयोग तो हम आएंगे स्वच्छता में नम्बर एक: निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। अपने घर, गली, मोहल्ला, कॉलोनी के साथ ही अपने शहर को साफ रखने की हम सभी की जिम्मेदारी है और अपनी इस जिम्मेदारी को हम सभी को निभाने के लिए तत्पर होना चाहिए वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 चल रहा है तथा पूरे देश में सभी शहर व नगरीय निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च रैंक के लिए जी तोड प्रयास कर रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च रैंक आएगी तो हमारे शहर का देश में मान बढेगा, साथ ही शहर की तरक्की की नई राह हमें मिलेगी। जिसका लाभ शहर के सभी नागरिकों को मिलेगा। शहर की स्वच्छता एवं साफ सफाई के लिए सभी शहरवासियों के सहयोग से नगर निगम के कर्मचारी दिन रात मेहनत कर रहे हैं और अब हम सभी देख रहें हैं कि ग्वालियर बदल रहा है। अब सिर्फ 3 दिन शेष रह गए हैं क्योंकि 30 अप्रेल 2022 तक हम स्वच्छता का सिटीजन फीडबैक एवं सोशल मीडिया पर सपोर्ट दे सकते हैं।

नगर निगम ग्वालियर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य अमले के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी निरंतर अपने प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों में शहर के नागरिकों का भी सहयोग मिल रहा है लेकिन अभी जितने सहयोग की अपेक्षा है वह नहीं मिल पा रहा है। अपने ग्वालियर के लिए यदि हम सभी शहरवासी एक छोटा सा प्रयास भी करेगें तो हमारा ग्वालियर निश्चित ही स्वच्छता में नम्बर 1 बन जाएगा। स्वच्छता सर्वेक्षण में जमीनी स्तर पर साफ सफाई के साथ ही शहर के नागरिकों की जागरुकता एवं उनके प्रयासों की भी अत्यधिक महत्ता है। इसलिए सर्वेक्षण में सिटीजन फीडबैक के 600 अंक रखें गए हैं जो कि सर्वेक्षण की रैंक के लिए अत्याधिक महत्वपूर्ण हैं। यदि शहर के नागरिक अपना 1 या 2 मिनट निकालकर स्वच्छता का सिटीजन फीडबैक अपने मोबाइल से वोट फॉर योर सिटी मोबाइल एप्प के माध्यम से देते हैं तो हमें 600 अंकों मे से अच्छे अंक मिल सकते हैं जो कि हमारी रैंकिंग के लिए बहुत मददगार साबित होगें। इसके साथ ही सोशल मीडिया में स्वच्छता के समाचारों में भी हम देश भर में अच्छी रैंक पर हैं, इसके लिए भी यदि शहर के नागरिकों का छोटा से सहयोग मिले तो हम देश में नम्बर 1 पर आ सकते हैं। इसके लिए नागरिकों को अपनी सोशल मीडिया की किसी भी पोस्ट के साथ #swachhsurvek-shanw®wwgwalior को हैजटैग करना होगा जो कि बहुत ही आसान है। इससे स्वच्छता के प्रति हमारे शहर के नागरिकों की जागरुकता के चलते हमें अच्छी रैंक मिलेगी। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा पूरी मेहनत व प्रयास के साथ ग्वालियर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478